www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 80 || लखनऊ
शनिवार
20 जून 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदयः 05:13
सूर्यास्तः 07:03
अधिकतमः 40°00
न्यूनतमः 31°00



पेज 07

विशेष समाचार | तेल, व्यापार और कूटनीति... >> पेज 04 | समाजवादियों की भूमिका गोवा... >> पेज 06 | वैभव सूर्यवंशी के बाद अब भाई...

**कांग्रेस मुख्यालय में जन्मदिन मनायाः प्रियंका और खड़गे के साथ केक काटा ■ कार्यकर्ताओं ने पोस्टर को दूध से नहलाया**

# राहुल 56 साल के हुए

**बधाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज 56 साल के हो गए। वह प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका, कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन मनाया। उनका जन्म 19 जून 1970 को दिल्ली में हुआ था।

राहुल के जन्मदिन पर पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर, मल्लिकार्जुन खड़गे और INDIA ब्लॉक के कई नेताओं ने शुभकामनाएं दीं। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के बाहर बर्थ-डे के पोस्टर लगाए गए। वाराणसी में कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर दूध चढ़ाया।





“प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक एक्स पोस्ट में राहुल गांधी बर्थडे विश करते हुए लिखा, “लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं. उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं।”



राहुल, प्रियंका के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर 'हैप्पी बर्थ-डे माय स्वीट ब्रदर' मैसेज के साथ स्टोरी शेयर की।

## सीनियर सिटिजन बनने से महज चार साल दूर'

बीजेपी नेता और पार्टी के नेशनल आईटी डिपार्टमेंट के इंचार्ज अमित मालवीय ने एक्स पर लिखे एक पोस्ट में कहा है, 'राहुल गांधी अब सीनियर सिटिजन बनने से महज चार साल दूर हैं।' अमित मालवीय ने आगे लिखा, 'राजनीति में दो दशकों के बाद, अनगिनत बार लॉन्च होकर, रिब्रांडिंग अभियानों, यात्राओं, चर्चाओं और बार-बार 'बड़े होने' वाले चरणों के बाद अब तो थोड़ी और राजनीतिक परिपक्वता की उम्मीद की जा सकती थी।'



## कांग्रेस ने राहुल गांधी को दी जन्मदिन की बधाई

कांग्रेस ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, “ऐसी दुनिया में जहां ज्यादातर लोग चुप रहना पसंद करते हैं, आपने हमेशा उस बात के लिए आवाज उठाई है जिसे आप सही मानते हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दी जन्मदिन की बधाई

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, “संविधान के आदर्शों के प्रति आपकी अटूट निष्ठा और अनसुनी आवाजों के लिए आपकी बेबाक लड़ाई ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। कांग्रेस पार्टी की सबको साथ लेकर चलने की परंपरा, सामाजिक न्याय, सद्भाव और करुणा की भावना आपके सार्वजनिक जीवन और नेतृत्व में झलकती है। लोगों के साथ लगातार जुड़ाव और सत्ता के सामने सच बोलने के आपके साहस के जरिए, आपने हमेशा सबसे कमज़ोर और हाशिए पर रहने वाले लोगों के हितों की वकालत की है। ईश्वर आपको अच्छा स्वास्थ्य, खुशी, शक्ति और देश की सेवा में लंबी उम्र प्रदान करे।”

- **तमिलनाडु CM विजय–** राहुल गांधी देश की प्रगति, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और सभी वर्गों के लोगों के कल्याण के लिए लगातार आवाज उठाते रहे हैं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबे जीवन की कामना करता हूं।
- **तेलंगाना CM रेवंत रेड्डी–** लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और लोगों के कल्याण के प्रति राहुल गांधी की प्रतिबद्धता कई लोगों को प्रेरित करती है।
- **कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल–** आज जब देश लोकतंत्र और संविधान से जुड़े संकट का सामना कर रहा है, राहुल गांधी समावेशी और लोकतांत्रिक भारत की मजबूत आवाज बनकर उभरे हैं। वे युवाओं, गरीबों और वंचितों के लिए उम्मीद की किरण हैं।
- **शिवसेना (UBT) सांसद संजय राउत–** राहुल गांधी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। आपके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और देश सेवा के लिए निरंतर शक्ति की कामना करता हूं। आने वाला साल आपके लिए सफलता और संतुष्टि लेकर आए।

# हवाई अड्डे पर गिरी आसमानी बिजली

### बाल-बाल बचा अमीरात का विमान, ग्राउंड स्टाफ झुलसे

**वज्रपात**

तमसा संकेत, एजेंसी

**कोलकाता** । कोलकाता हवाई अड्डे पर रनवे पर काम करने के दौरान अचानक आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से दो ग्राउंड स्टाफ गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह भयानक दुर्घटना उस समय हुई जब हवाई अड्डे के रनवे पर 'अमीरात' एयरलाइंस की एक फ्लाइट लैंड कर चुकी थी. दोनों ग्राउंड स्टाफ विमान से यात्रियों का सामान नीचे उतारने के काम में लगे



■ **फ्लाइट में सवार 147 पैसेंजर्स को दूसरी उड़ान से भेजा गया।**

हुए थे. इसी दौरान अचानक गरज के साथ जोरदार बिजली गिरी, जिसकी चपेट में दोनों कर्मचारी आ गये. घायल कर्मचारियों को तुरंत पास के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है. >> (शेष पेज 06 पर)

# टेलीग्राम : फर्जी पेपर बेचने वाला गिरफ्तार

### राजस्थान में अमेरिकी नेटवर्क यूज कर रहा था

**रोक-जारी**

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** टेलीग्राम पर रोक के बाद भी राजस्थान के भीलवाड़ा से NEET का फर्जी पेपर बेचने की कोशिश की गई है। इस मामले में पुलिस एक स्टूडेंट को हिरासत में लिया है। आरोपी टेलीग्राम का इस्तेमाल अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) के जरिए कर रहा था। उसके टेलीग्राम चैनल का नाम पेपर माफिया है।

उधर, टेलीग्राम पर NEET री-एग्जाम तक रोक जारी रहेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने टेलीग्राम की केंद्र सरकार



■ **दिल्ली हाईकोर्ट बोला- टेलीग्राम पर रोक जारी रहेगी**

के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी। केंद्र ने 16 जून को टेलीग्राम पर 22 जून तक रोक लगाने का आदेश दिया था। >> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### मायावती से मुलाकात के ₹5 लाख

**लखनऊ।** 'बहनजी से मिलेंगे तो 5 लाख रुपए लेकर चलना। वहां बताएंगे- आप विधायक का टिकट चाहते हैं। इन 5 लाख रुपए का कोई हिसाब-किताब नहीं रहेगा। टिकट के लिए 3 करोड़ 35 लाख रुपए देने होंगे। अभी एक-डेढ़ करोड़ जमा कर दीजिए, जो बचेगा उसके लिए एक-डेढ़ महीने का समय मिलेगा। सरकार बनती है तो गारंटी है- आपको मंत्री बनवाएंगे।'

### राम मंदिर के ट्रस्टी अनिल मिश्र से पूछताछ

**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) लगातार 5वें दिन अयोध्या पहुंची। टीम ने राम मंदिर टेस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव से अलग-अलग बातचीत की है। जबकि स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के ब्रांच मैनेजर और पहले के ब्रांच मैनेजर को बुलाकर उनसे भी पूछताछ की है। आज दोपहर सीएम योगी ने रामलला के दर्शन किए। लेकिन मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय उनके कार्यक्रम से दूर रहे। सूत्रों के अनुसार टीम पहले चरण की अपनी जांच पूरी करने के बाद 20 जून को दोपहर बाद अयोध्या से लखनऊ के लिए रवाना होगी और सीएम योगी को अपनी प्राथमिक रिपोर्ट सौंपेगी।

### पैदल चलने वालों को परेशानी समझते हैं ड्राइवरःसुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि तय फुटपाथ पर चलने का अधिकार एक बुनियादी अधिकार है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और एएस चंदुरकर की बेंच ने एक अहम फैसले में कहा कि तय रास्तों पर मोटर गाड़ियों के मुकाबले इस अधिकार को प्राथमिकता दी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि यह संविधान के आर्टिकल 19 (1)(d) के तहत गारंटी वाले आने-जाने के अधिकार और आर्टिकल 21 (जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार) समेत दूसरे बुनियादी अधिकारों का हिस्सा है।

# मोदी ने 15 लाख युवाओं को ₹2400 करोड़ दिए

### विकसित भारत रोजगार योजना ने 70 लाख जॉब दिए


**तैयारी**

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PM-VBRY) के तहत 15 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को 2400 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी।

यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के जरिए खातों में भेजी गई। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए इस इवेंट में प्रधानमंत्री ने युवाओं और उन्हें नौकरियां देने वाले उद्यमियों से संवाद भी किया।

पीएम बोले कि यह योजना पहली बार नौकरी खोजने वाले युवाओं और इंडस्ट्री के बीच एक पुल का



■ **भविष्य की वर्कफोर्स तैयार कर रही**

काम करती है। इसके जरिए हम भविष्य के लिए एक मजबूत वर्कफोर्स तैयार कर रहे हैं।

इंटेंसिव ट्रांसफर करने का कार्यक्रम देशभर के 200 औद्योगिक क्लस्टर में हुआ। इस कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र भी बांटे गए, क्योंकि नए लेबर कोड के तहत अपॉइंटमेंट लेटर देना अनिवार्य है। >> (शेष पेज 06 पर)

**कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर ने प्रधानमंत्री को लेटर लिखा ■ आज दिल्ली में फिर प्रदर्शन**

# नीट छात्रो के लिए ₹1-1 करोड़ की मांग

“ 20 जून से जंतर-मंतर पर देशभर के छात्रों के जमावड़े का ऐलान किया है। नीट 2026 की पुनः परीक्षा 21 जून को निर्धारित है, और कई लोग अब प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में अधिक पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं।

**जवाबदेही**

“ ■ **कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजित दिपके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। उन्होंने इस पत्र के जरिए उन NEET अभ्यर्थियों के परिवारों के लिए एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग की है, जिनके सदस्यों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। दिपके का कहना है कि हाल ही में परीक्षा के तनाव और पेपर लीक के चलते 11 छात्रों ने अपनी जान गंवा दी है। वे शिक्षा प्रणाली में तुरंत सुधार की अपील कर रहे हैं।**




तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने पीएम मोदी से सुसाइड करने वाले NEET स्टूडेंट्स के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की है। दीपके ने शुक्रवार को पीएम को पत्र भी लिखा है।

इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की। >> (शेष पेज 06 पर)

■ **36 दिनों में 12 छात्रों ने सुसाइड किया**

### देश के अलग-अलग राज्यों में सीजेपी का प्रदर्शन...

देश भर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शनों का दौर जारी है। इसी मामले में हाल ही में सोशल मीडिया से शुरू हुआ संगठन 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) देश के अलग-अलग राज्यों में प्रधान के इस्तीफे के लिए मांग कर रहा है।

■ **06 जून 2026**, नई दिल्ली- प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के लिए सरकार को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया।

■ **11 जून 2026**, पुणे- सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी में डॉ. बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया।

■ **13 जून 2026**, अमृतसर- पंजाब के अमृतसर में प्रदर्शन हुआ।

■ **14 जून 2026**, हैदराबाद और बेंगलुरु- दक्षिण भारत में एक ही दिन दो बड़े प्रदर्शन हुए।

■ **15 जून 2026**, जयपुर- गवर्नमेंट हॉस्टल के शहीद स्मारक पर प्रदर्शन हुआ।

कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) की शुरुआत चीफ जस्टिस सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद हुई। 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा था कि कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच की तरह होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या RTI एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करते हैं।

**चढ़ावा चोरी मामले के बीच योगी राम मंदिर पहुंचेः 500 साल इंतजार किया, 15 दिन और कर लीजिए**

# अपराधी कोई हो, नहीं बचेगा : योगी

तमसा संकेत, एजेंसी

**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच सीएम योगी शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद राम मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। वहीं इस दौरान चंपत राय योगी के कार्यक्रम से दूर रहे। वो राम जन्मभूमि से 4 किमी दूर कारसेवकपुरम में थे।

इससे पहले, योगी ने कहा- विपक्ष के लोग राम का नारा लगाने पर गोली चलवाते थे। इनके दोगले चरित्र को तो देखिए। राम मंदिर बन न पाए, इसके लिए कांग्रेस ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था। सुप्रीम कोर्ट में बेशर्मी के साथ कहा था कि राम तो हुए ही नहीं। वही कांग्रेस





■ सीएम योगी ने रामलला की पूजा-अर्चना की। इसके बाद आरती उतारी।

आज अयोध्या पर बहुत मचल रही।

योगी ने जनसभा में कहा- सपा के दोहरे चरित्र को देखो, कहती है कि राम भक्तों का अपमान हुआ है। कारसेवकों और रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले लोग उपदेश देने चले हैं। हमने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी जांच बैठाई। एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी। मैं सभी से कहूंगा कि कोई भी अनर्गल टिप्पणी न करें, जो रामभक्तों को आहत करे।

योगी ने कहा- अगर किसी के पास कोई प्रूफ है तो उसे एसआईटी को दे दें। >> (शेष पेज 06 पर)

### सनातन सुरक्षित रहेगा तो जैन धर्म भी सुरक्षित रहेगा : योगी

सीएम योगी ने कहा कि अगर सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो जैन धर्म भी सुरक्षित रहेगा। ये एक-दूसरे के पूरक हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि, संभव हो सके तो गौशालाओं को गोद लें। या कुछ गायों की जिम्मेदारी उठाएं।

कम से कम एक गाय का खर्च जरूर उठाएं। सालभर उसका खर्च वहन करें और समय-समय पर गौशाला जाकर निरीक्षण भी करें। गो माता सुरक्षित रहेंगी तो भारत की संस्कृति सुरक्षित रहेगी।

### सपा प्रमुख और पूर्व मंत्री ने चोरी का मुद्दा उठाया था

सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय ने रविवार 7 जून को दावा किया था कि राम मंदिर से 5 से साढ़े 7 करोड़ रुपए तक की चोरी की गई। अखिलेश ने भी कहा था कि मामले पर सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। कोर्ट को मामला देखना चाहिए। चंपत राय ने सफाई दी थी कि अभी तक ऐसी कोई भी बात सामने नहीं आई है।

विवाद बढ़ा तो भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने 9 जून को प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर CBI जांच की मांग की। अगले दिन यानी 10 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंदिर ट्रस्ट से मामले की रिपोर्ट मांग ली।

चढ़ावा चोरी मामले में अब तक 5 लोगों- लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर उर्फ टिन्नू के नाम सामने आए हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

# यूपी में भीषण गर्मी, सड़क में अचानक दरारें आईं

### 5 दिन भीषण गर्मी पड़ेगी ■ लू चलेगी

**मानसून**

तमसा संकेत, एजेंसी

**लखनऊ।** यूपी में मानसून लेट हो गया है। बॉर्डर तक पहुंचने के बाद इसकी चाल धीमी पड़ गई है। पिछले 5 दिनों से यूपी-बिहार बॉर्डर पर महराजगंज जिले के पास अटका हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि इसके आगे बढ़कर यूपी में एंट्री करने में फिलहाल एक हफ्ते तक का समय लग सकता है।

शुक्रवार सुबह फर्रुखाबाद में करीब 1 घंटे तक जोरदार बारिश हुई। कानपुर देहात में भी अचानक मौसम बदल गया। तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इसके अलावा,



प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तेज धूप निकली।

गोरखपुर में भीषण गर्मी की वजह से RCC सड़क में दरारें आ गईं। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के घरों के लोग बाहर निकल आए। देखा तो सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। उससे धुआं निकल रहा था। वहीं, काशी में गर्मी से राहत दिलाने के लिए बाबा विश्वनाथ को लंगड़ा आम का रस चढ़ाया गया। गंगाजल से अभिषेक किया गया। >> (शेष पेज 06 पर)

## नृपेंद्र मिश्रा बोले- चर्चा है लोग जेबों में गड्डियां लेकर गए, बैंक भी बच नहीं सकता

# 'राम मंदिर के बेईमानों को सात वंश तक श्राप लगेगा'



### चढ़ावे में गड़बड़ियों में मुझे दुख है

श्रद्धालुओं के विश्वास में आई कमी को ठीक करना है। मैनेजमेंट के दो हिस्से होते हैं- निष्ठा और निगरानी। पहला हिस्सा- कर्मचारियों की निष्ठा के प्रति विश्वास रखना। दूसरा हिस्सा- कर्मचारियों की निगरानी रखना। निष्ठा और निगरानी एक सिक्के के दो पहलू हैं। चंपत राय से निष्ठा नहीं, निगरानी में कमी हुई है। मुझे मंदिर के चढ़ावे और दान से जुड़ी कथित गड़बड़ियों पर दुख है।

**फटकार**

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। 'चंपत राय श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के कर्ता-धर्ता हैं। चंपत राय की निष्ठा पर सवाल नहीं उठाऊंगा। वह पिछले 35 सालों से मंदिर आंदोलन से जुड़े हुए हैं। लेकिन निगरानी में कमी की है। चढ़ावे में बेईमानी करने वालों को 7 वंश तक श्राप लगेगा।'

ये बातें अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पूर्व आईएएस नृपेंद्र मिश्रा ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कही। 71 एकड़ में फैले राम मंदिर का निर्माण नृपेंद्र मिश्रा की देखरेख में हुआ है। वे श्रीराम जन्मभूमि निर्माण समिति के चेयरमैन हैं। चढ़ावे में चोरी कब से हो रही इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। SIT जांच कर रही है, मैं अनुमान नहीं लगाऊंगा। मेरी कोशिश रहती है कि ट्रस्ट के काम में दखल न दूं। चढ़ावे में चोरी की ख़बरों के बाद अलग से जानकारी जुटाई। पिछले 3 साल में हर महीने कितना पैसा आया इसकी जानकारी जुटाई। कभी 4 करोड़ तो कभी 10 करोड़ रुपए से ज्यादा पैसा आया। दान या चढ़ावे को लेकर बहुत पारदर्शिता रखी जानी चाहिए। रोजाना हिसाब का लेखा-जोखा वेबसाइट पर आना चाहिए। गाइडलाइन में लिखा है कि बिना जेब वाले कपड़े पहनने चाहिए। प्रवेश के समय और बाहर जाते समय पूरी जांच हो। चर्चा है कि लोग पॉकेट में गड्डियां लेकर बाहर गए। दिशा निर्देश अच्छे हैं, क्रियान्यवन में कमी रह गई।

- नृपेंद्र मिश्रा ने कहा- राम मंदिर चढ़ावा चोरी को साठगांठ कहना गलत है। एसआईईटी सबूत जुटा रही है।

> नृपेंद्र मिश्रा ने कहा- चढ़ावा चोरी का मामला पहले सामने आए जमीन खरीद विवाद से अधिक गंभीर और चुनौतीपूर्ण है। जमीन खरीद की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई गई थी। वह घटना एक चेतावनी थी कि अगर व्यवस्थाओं में पारदर्शिता नहीं होगी तो कठिनाइयां पैदा हो सकती हैं।

पूरी प्रक्रिया में SBI के रोल को भी देखना होगा। SBI इससे बच नहीं सकता, काउंटिंग की जिम्मेदारी उनकी है। समझौते में लिखा है कि SBI काउंटिंग कराएगा। बहुमूल्य धातु को लेकर भी SIT जांच करेगी। श्रद्धालुओं ने दान पात्र में अंगूठियां भी डालीं। कान के गहने और सोने की चूड़ियां भी दान पात्र में डाले गए। दान पात्र में डाले गए आभूषण की रसीद नहीं है। SIT हर चीज की बारीकी से जांच कर रही है। सबसे अलग-अलग पूछताछ भी की जा रही है। ट्रस्ट की तरफ से मामले की लीपापोती असंभव है। ट्रस्ट की तरफ से SIT जांच का अनुरोध किया गया था। SIT की जांच किसी भी लेवल पर प्रभावित नहीं होगी।

## यूपी में और गहराएगा बिजली संकट सिंगरौली में दोनों एचवी लाइनें फेल

### 3000 मेगावाट बिजली ठप, 7 दूसरी यूनिटें भी बंद

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। ठीक उसी समय बुधवार की शाम को सिंगरौली क्षेत्र की दोनों उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों में अर्थ फॉल्ट से ट्रिपिंग हो गई। इसके चलते NTPC की रिहंद तापीय विद्युत स्टेशन की तीनों इकाइयां बंद हो गईं, जिससे कुल 3000 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश को लगभग 950 मेगावाट बिजली का नुकसान हुआ।

इसके अलावा केंद्रीय क्षेत्र की घाटमपुर यूनिट-2 (660 MW) और खुर्जा यूनिट-2 (660 MW), निजी क्षेत्र की ललितपुर तापीय परियोजना यूनिट-3 (660 MW), अनपरा-सी यूनिट-1 (600 MW) तथा रोजा यूनिट-1 (300 MW) भी विभिन्न तकनीकी कारणों से प्रभावित रहीं। राज्य विद्युत उत्पादन निगम की ओबरा-सी यूनिट-2 और हरदुआ-गंज-डी यूनिट-9 भी तकनीकी खराबी के चलते बंद हुईं, जिन्हें बाद में सफलतापूर्वक चालू कर लिया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (UPPCL) ने स्थिति को संभालने के लिए त्वरित कदम उठाए हैं। अन्य उपलब्ध स्रोतों से अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। कंपनी विद्युत व्यवस्था की सतत निगरानी कर रही है और बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी उपाय किए जा रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### 'एसआईटी पूरी तरह बोगस और फ्रॉड है'

लखनऊ । लखनऊ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर रुद्राभिषेक करने के बाद यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने राममंदिर चढ़ावा मामले में बयान दिया है। उन्होंने कहा- हम रामभक्त हैं, इनकी तरह चंदा चोर और चढ़ावा चोर नहीं हैं। ये पूरी तरीके से चढ़ावा चोर साबित हो गए। योगी से कहना चाहूंगा कि थोड़ा भी गेरुआ वस्त्र का सम्मान हो तो आप तुरंत उच्च न्यायालय से जांच कराइए।

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत, 2 घायल

दुबग्गा। लखनऊ में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से गुस्साए मृतक के परिजनों ने करीब ढाई घंटे रोड जाम करके प्रदर्शन किया। तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर उचित मुआवजा व कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया।

घटना शुक्रवार शाम को काकोरी क्षेत्र में हरदोई रोड पर हुई। पहले रोडवेज बस और पिकप की टक्कर हुई। उनकी चपेट में बाइक और स्कूटी भी आ गई। हादसे में स्कूटी सवार की मौत हुई। पिकप और बाइक चालक घायल हुआ।

### गोरखपुर में दांत के साथ पैदा हुआ बच्चा

गोरखपुर। गोरखपुर के बड़हलगंज में एक ऐसे बच्चे ने जन्म लिया, जिसके मुंह में जन्म लेने के समय से ही दांत है। इस बात ने शुरू में परिजनों को परेशान किया लेकिन डॉक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया कि इसमें डरने की कोई बात नहीं। यह असंभव नहीं लेकिन रेयर है। कभी-कभी ऐसे मामले सुने, देखे जाते हैं। फिलहाल बच्चा स्वस्थ है। डॉक्टर ने उसके दांत की निगरानी करने को कहा है।

## विधान सभा सचिवालय में छह अधिकारियों को पदोन्नति



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय ने अधिष्ठान अनुभाग द्वारा जारी आदेश के तहत छह अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की है। यह पदोन्नति प्रधान निजी सचिव (निःसंवर्गीय) श्री देश राज मौर्य के 31 मई 2026 को सेवा निवृत्त होने के फलस्वरूप रिक्त हुए पदों के सापेक्ष की गई है।

जारी आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारियों को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थायी एवं स्थानापन्न रूप से उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया है।

पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों में श्री जै. किशोर को प्रधान निजी सचिव (निःसंवर्गीय), श्री जय प्रकाश तिवारी को निजी सचिव (श्रेणी-4), श्री राम संहार यादव को निजी सचिव (श्रेणी-3), श्री माता प्रसाद रावत को निजी सचिव (श्रेणी-2), श्री आशीष कुमार तिवारी को विशेष कार्याधिकारी (निःसंवर्गीय) तथा श्री श्याम बहादुर मौर्य को निजी सचिव (श्रेणी-1) के पद पर पदोन्नत किया गया है।

## प्रदेश में अब तक 2.99 करोड़ से अधिक नए ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं

# डिजिटल गवर्नेंस का मॉडल बना यूपी परिवहन विभाग



उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने कहा कि हमारा लक्ष्य नागरिकों को कम समय में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यालयों में आने के बजाए अब लोग ऑनलाइन ही विभिन्न सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। डिजिटल गवर्नेंस के तहत यह विभाग की बड़ी उपलब्धी है।

- आरटीओ के चक्कर कम हुए, योगी सरकार ने परिवहन सेवाओं को बनाया स्मार्ट और ऑनलाइन
- वाहन और सारथी पोर्टल के माध्यम से 49 फेसलेस सेवाओं से बढ़ी पारदर्शिता



- 5.30 करोड़ से अधिक वाहनों का डिजिटल प्रबंधन, तकनीक के दम पर आगे बढ़ रहा यूपी
- लखनऊ आरटीओ सबसे आगे, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण में रिकॉर्ड उपलब्धि



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को नई पहचान मिली है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रदेश का परिवहन विभाग बनकर उभरा है, जहां तकनीक के व्यापक उपयोग से सेवाओं को पारदर्शी, सरल और नागरिकों के लिए अधिक सुलभ बनाया गया है। डिजिटल माध्यमों के जरिए वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, कर भुगतान और अन्य सेवाओं की प्रक्रिया पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान और तेज हो गई है। प्रदेश में परिवहन विभाग के आंकड़े इस बदलाव की गवाही दे रहे हैं।

### परिवहन विभाग की 49 सेवाएं फेसलेस और कॉन्टैक्टलेस मोड पर

योगी सरकार ने परिवहन विभाग में तकनीक आधारित सुधारों को प्राथमिकता देकर भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कम किया है और सेवाओं की पारदर्शिता को बढ़ाया है। परिवहन विभाग ने डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देते हुए नागरिक सेवाओं को पूरी तरह सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है।

### सबसे ज्यादा डीएल जारी करने में टॉप पर लखनऊ आरटीओ

ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में अब तक 2.99 करोड़ से अधिक नए ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। सबसे अधिक ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने वाले आरटीओ कार्यालयों में लखनऊ (13.66 लाख), गाजियाबाद (13.11 लाख), मेरठ (10.58 लाख), कानपुर नगर (10.51 लाख) और प्रयागराज (10.16 लाख) शामिल हैं। व्यावसायिक ड्राइविंग लाइसेंस (ट्रांसपोर्ट डीएल) जारी करने में भी प्रदेश ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। अब तक 29 लाख 5 हजार 937 ट्रांसपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। इस श्रेणी में प्रयागराज, कानपुर नगर, गोरखपुर, जौनपुर और आजमगढ़ के कार्यालय अग्रणी रहे हैं।

## आम उत्पादकों के लिए नए अवसरों का द्वार बनेगा उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026- उद्यान मंत्री

# 'स्वाद, संस्कृति और समृद्धि का संगम होगा यूपी आम महोत्सव'

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के प्रसिद्ध आमों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने तथा आम उत्पादकों, निर्यातकों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026 का आगामी 3 जुलाई से 5 जुलाई तक (तीन दिवसीय) इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजन किया जा रहा है। साथ ही 4 जुलाई को जन भवन, लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय वायर सेलर मीट का भी आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि आम महोत्सव प्रदेश की उद्यानिकी एवं कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेगा। प्रदेश में आम के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। योगी सरकार के सहयोग से यूपी बागबानी के क्षेत्र में अब्बल हो कर निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि महोत्सव में प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के प्रगतिशील बागवान, निर्यातक, कृषि विशेषज्ञ एवं उद्यमी सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में आम की सैकड़ों विशिष्ट एवं दुर्लभ प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। दशहरी, लंगड़ा, चौसा, आम्रपाली, रटौल, लखनऊ सफेदा सहित अनेक प्रसिद्ध एवं रंगीन किस्में आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके अतिरिक्त आम आधारित प्रसंस्कृत उत्पादों, मूल्य संवर्धन तकनीकों तथा निर्यात संभावनाओं को भी प्रदर्शित किया जाएगा। महोत्सव के अन्तर्गत पांच क्लास में आम की विभिन्न प्रजातियां (कुल श्रेणी-07 एवं वर्ग 50), आम आधारित संरक्षित उत्पाद (कुल वर्ग 11), आम पकवान (वर्ग 01), सर्वश्रेष्ठ प्रदर्श एवं सर्वाधिक प्रदर्श प्रदर्शनकर्ता बागवान आदि में प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

यूपी के आम को मिलेगा वैश्विक मंच और किसानों को मिलेगा आधुनिक तकनीक एवं विपणन का लाभ

- उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026 के भव्य आयोजन से किसानों, बागवानों, निर्यातकों एवं उद्यमियों को मिलेगा एक साझा मंच
- आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन कर यूपी देश में अव्वल
- यूपी मैंगो फेस्टिवल का 3 जुलाई से 5 जुलाई तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में होगा आयोजन
- अंतर्राष्ट्रीय वायर सेलर मीट का 4 जुलाई को जन भवन में होगा आयोजन




# 3 साल की बच्ची पर गिरा 1 कुंतल का गेट

### खेलते-खेलते घर के बाहर पहुंची थी

तमसा संकेत, एजेंसी




मोहनलालगंज । लखनऊ में घर का लोहे का गेट गिरने से 3 साल की बच्ची दब गई। उसकी चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। उपचार के लिए उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना आज, 19 जून को पीजीआई थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव में हुई। गांव निवासी सूरज कुमार के घर का गेट सुबह करीब साढ़े आठ बजे अचानक उखड़कर गिर गया। गेट के पास खेल रही उनकी 3 साल की बेटी अन्वी उसके नीचे दब गई। तड़प-तड़पकर मौत हो गई। मोहिद्दीनपुर में सूरज कुमार पत्नी सीमा, 2 बेटियों 4 साल की सृष्टि और 3 साल की अन्वी के साथ रहते हैं। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे सीमा बड़ी बेटी सृष्टि को पास में ट्यूशन छोड़ने गई थी। सूरज घर में खाना खा रहे थे।

छोटी बेटी अन्वी को वह प्यार-दुलार के साथ खाना खिला रहे थे। इस दौरान अन्वी खेलते-खेलते घर के मेन गेट के पास पहुंच गई। अचानक गेट उखड़कर अन्वी के ऊपर गिर गया। वह उसके नीचे दब गई। उसकी चीख सुनकर सूरज और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। गेट हटाकर उसे बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**सुविधा :** मंत्री ए. के. शर्मा के सतत प्रयासों से पूर्वांचल को मिली नई रेल सेवाओं की सौगात

# मऊ से दिल्ली और वाराणसी की कनेक्टिविटी हुई और मजबूत

- प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत संकल्प को गति दे रहा भारतीय रेल का पहिया

  \- ए के शर्मा

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने आज मऊ रेलवे स्टेशन से पूर्वांचल को मिली नई रेल सुविधाओं के विस्तार का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उनके निरंतर प्रयासों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के परिणामस्वरूप क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।नई सुविधाओं के अंतर्गत दोहरीघाट–वाराणसी नई मेमू ट्रेन सेवा का संचालन प्रारंभ किया गया है। साथ ही मऊ–आनंद विहार (दिल्ली) ट्रेन तथा छपरा–आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस का संचालन अब मऊ के रास्ते किया जाएगा, जिससे पूर्वांचल के लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुगम होगा।

मंत्री ए के शर्मा ने इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मऊ–आनंद बिहार ट्रेन को साप्ताहिक के स्थान पर दैनिक किए जाने की मांग भी रखी, ताकि यात्रियों को और अधिक सुविधा मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने रेल मंत्री जी से कहा कि उनकी पहल पर मऊ जनपद में रेलवे के अनेक विकास कार्य प्रगति पर हैं।



### प्रत्येक इंजन विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा

इस अवसर पर ए. के. शर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पूर्वांचल की जनता की आवश्यकताओं और मांगों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें पूरा किया है। इसके लिए पूर्वांचल की जनता की ओर से वे उनका हृदय से धन्यवाद करते हैं।उन्होंने कहा कि भारतीय रेल आज देश की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ इंजन बनकर उभरी है। रेल का प्रत्येक इंजन विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में भारतीय रेल का पहिया नई गति और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

जनता की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, श्री ए के शर्मा ने नई रेल सेवाओं के शुभारंभ पर रेल मंत्री का जताया आभार

# लोकतंत्र सेनानी रामसुख पांडे का निधन दी गई अंतिम विदाई

### अंतिम संस्कार श्रृंगी ऋषि आश्रम के निकट सेवा घाट पर किया गया





तमसा संकेत, संवाददाता

केदारनगर (अंबेडकरनगर)। इब्राहिमपुर क्षेत्र के अवसनपुर निवासी एवं लोकतंत्र सेनानी रामसुख पांडे (86) का मंगलवार शाम लखनऊ में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित थे।

बुधवार को उनका अंतिम संस्कार श्रृंगी ऋषि आश्रम के निकट सेवा घाट पर पूरे सम्मान के साथ किया गया। उनके पुत्र आशुतोष पांडे ने मुखाग्नि दी। इस दौरान उनके नाती गौरव पाठक सहित परिजन, शुभचिंतक और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

रामसुख पांडे की अंतिम इच्छा के अनुरूप शव यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रार्थना का आयोजन किया गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। रामसुख पांडे की प्रारंभिक शिक्षा अकबरपुर में हुई थी। उच्च शिक्षा के लिए वह कोलकाता गए, जहां उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई की। छात्र जीवन के दौरान उनका जुड़ाव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से हुआ। उन्होंने लंबे समय तक संघ के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया तथा चंपत राय, अशोक सिंघल और रज्जू भैया जैसे वरिष्ठ नेताओं के साथ कार्य किया। वर्ष 2017 में स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने संघ के सक्रिय सेवा कार्यों से दूरी बना ली थी।

### मीटर बाईपास कर चला रहे थे उपकरण ■ मध्य रात्रि चेकिंग में हुआ खुलासा

# बिजली चोरी पर 6 लोगों पर केस दर्ज

**चेकिंग**

तमसा संकेत, एजेंसी

**सीतापुर।** सीतापुर में लाइन लॉस और विद्युत चोरी पर लगाम लगाने के चलते पुराने सीतापुर में विद्युत विभाग द्वारा देर रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली चोरी के मामले सामने आने पर छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह कार्रवाई अवर अभियंता की तहरीर पर की गई है।

जानकारी के अनुसार, अवर अभियंता राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विभागीय टीम ने एसडीओ हिमांशु पटेल के साथ देर रात कजियारा मोहल्ले में सघन जांच अभियान चलाया।



अभियान के दौरान क्षेत्र में संचालित कई बिजली कनेक्शनों की जांच की गई।

जांच में छोटेलाल, शरीफ, अरसान बेग, सतीश, मोइन मिर्जा और सद्दूल निशा के नाम से चल रहे विद्युत कनेक्शनों में अनियमितताएं पाई गईं।

विद्युत विभाग की टीम ने पाया कि संबंधित उपभोक्ता रात्रि के समय बिजली मीटर को बाईपास कर घरेलू उपकरणों का उपयोग कर रहे थे। जांच के दौरान मीटर से पहले सीधे कनेक्शन जोड़कर

■ अवर अभियंता राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विभागीय टीम ने एसडीओ हिमांशु पटेल के साथ देर रात कजियारा मोहल्ले में सघन जांच अभियान चलाया।

कूलर, एसी तथा अन्य विद्युत उपकरण संचालित किए जाने के साक्ष्य मिले। इससे विभाग को राजस्व की हानि पहुंच रही थी।

अधिकारियों के अनुसार, मौके पर की गई जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित उपभोक्ताओं द्वारा स्वीकृत भार से अधिक विद्युत लोड का उपयोग किया जा रहा था। टीम ने सभी मामलों का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए और रिपोर्ट तैयार की।

इसके बाद अवर अभियंता की



ओर से संबंधित छह लोगों के खिलाफ बिजली चोरी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि विद्युत चोरी रोकने के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे वैध तरीके से बिजली का उपयोग करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचें, अन्यथा नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है तथा अन्य उपभोक्ताओं को भी नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई है।

# पुरुष टीम ने जीती चल वैजयंती ट्रॉफी

### सीओ नेहा त्रिपाठी ने किया सम्मानित

**चेकिंग**

तमसा संकेत, एजेंसी

**सीतापुर।** सीतापुर पुलिस लाइन्स ग्राउंड में आयोजित लखनऊ जोन की 51वीं अंतर्जनपदीय जूडो कलस्टर (महिला/पुरुष), वुशू, ताइक्वांडो, कराटे एवं पेंचक सिलाट प्रतियोगिता-2026 का आज भव्य समापन हो गया। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के विभिन्न जनपदों से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में क्षेत्राधिकारी लाइन नेहा त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

प्रतियोगिता का शुभारंभ 16 जून को हुआ था, जिसमें लखनऊ जोन के सात जनपदों से आए लगभग 35



■ लखनऊ जोन की 51वीं अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता का समापन

उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने कुल छह स्पर्धाओं में भाग लिया। तीन दिवसीय मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए दर्शकों और अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया।

अंतिम परिणामों में जनपद सीतापुर की जूडो पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 'चल वैजयन्ती' ट्रॉफी अपने नाम की।

**फास्ट न्यूज**

### एक रात में दुकान समेत तीन घरों में

सीतापुर । सीतापुर के कोतवाली क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीती रात अज्ञात चोरों ने एक ही रात में एक चाय की दुकान और दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र के बिसवां मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने संचालित चाय की दुकान में चोरों ने गुरुवार रात के अंधेरे में धावा बोल दिया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व बीएसए कार्यालय में योग शिविर

**हरदोई।** हरदोई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले शुक्रवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) कार्यालय परिसर में एक योग अभ्यास शिविर आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य कार्यालय कर्मचारियों और आम लोगों को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य योग शिक्षक राम सिंह ने शिविर में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास कराया। उन्होंने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार सहित कई महत्वपूर्ण आसनों का प्रदर्शन किया और उनकी विशेषताओं व स्वास्थ्य लाभों को विस्तार से समझाया।

### रोहतक जेल से बहन की शादी में आया कैदी

**सीतापुर।** सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र के बंशीपुरवा गांव में हरियाणा की रोहतक जेल में बंद कैदी बहन की शादी में शामिल होने के लिए पुलिस कस्टडी में गांव पहुंचा। कैदी को न्यायालय से 48 घंटे की सीमित अवधि की अनुमति मिलने के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसके घर लाया गया, जहां उसने परिवार के साथ शादी की रस्मों में हिस्सा लिया। बंशीपुरवा निवासी धर्मेंद्र उर्फ बनवारी पिछले करीब चार वर्षों से हरियाणा की रोहतक जेल में बंद है। उसे एक गंभीर मामले में न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है।

# चांदनी, नेहा अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल में चयन

### राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए कल कानपुर में देंगी ट्रायल

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई की दो महिला खिलाड़ियों, चांदनी देवी और नेहा देवी, का उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (UPCA) द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-19 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल ट्रायल के लिए चयन किया गया है। यह ट्रायल 20 जून को कानपुर के कमला क्लब में होगा।

हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (HDCA) के अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा ने इस चयन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चांदनी देवी विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, जबकि नेहा देवी राइट आर्म फास्ट बॉलर हैं। दोनों खिलाड़ी लंबे समय से अभ्यास कर रही थीं।

HDCA के पदाधिकारियों और सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा



ने कहा कि चांदनी और नेहा की यह सफलता हरदोई की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी। हमें विश्वास है कि वे कानपुर में होने वाले फाइनल ट्रायल में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश की टीम में अपनी जगह बनाएंगी।

इस चयन से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में क्रिकेट प्रतिभाओं की मौजूदगी उजागर हुई है। कानपुर के कमला क्लब में होने वाले इस ट्रायल पर अब जिले की निगाहें टिकी हुई हैं।

# गैंगस्टर आरोपी की संपत्ति कुर्क

**कार्रवाई**

### पांच लाख का महिंद्रा स्वराज ट्रैक्टर जब्त ■ अपराध से अर्जित संपत्ति पर कार्रवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई में पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली देहात पुलिस ने एक आरोपी की करीब पांच लाख रुपये मूल्य की चल संपत्ति कुर्क की। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत की गई।

यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के आरोपी रफीक पुत्र सद्दीक के खिलाफ की गई है, जो शुक्लापुर भगत, थाना माधौगंज, जनपद हरदोई का निवासी है। पुलिस के अनुसार, रफीक ने आपराधिक गतिविधियों से आर्थिक लाभ अर्जित कर यह संपत्ति बनाई थी।



■ अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है, जिसका उद्देश्य अपराधियों के आर्थिक तंत्र को कमजोर करना और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी रफीक के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसी आधार पर उसकी

### ट्रैक्टर की अनुमानित कीमत पांच लाख रुपये

जिलाधिकारी हरदोई के आदेश पर कोतवाली देहात पुलिस ने आरोपी का महिंद्रा स्वराज ट्रैक्टर (UP-30BK 4183) कुर्क कर लिया। पुलिस ने इस ट्रैक्टर की अनुमानित कीमत लगभग पांच लाख रुपये बताई है। कुर्की की यह कार्रवाई विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए पुलिस बल की मौजूदगी में संपन्न हुई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है, जिसका उद्देश्य अपराधियों के आर्थिक तंत्र को कमजोर करना और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।

गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। जांच में अपराध से अर्जित संपत्ति होने के पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई और विधिक औपचारिकताएं पूरी कर ट्रैक्टर कुर्क किया गया।

इस कुर्की कार्रवाई के दौरान प्रभारी निरीक्षक हरिनाथ यादव, कांस्टेबल शिवम पुरोहित, कांस्टेबल हर्षित जोशी और कांस्टेबल विनय कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि जनपद में अपराधियों की अवैध संपत्तियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# काउंसलिंग फाइल दबाने का आरोप

### हरदोई बीएसए दफ्तर के बाबू पर आधी रात को एफ़आईआर दर्ज ■ पत्रावली वापस नहीं की थी

**अवहेलना**

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई के बेसिक शिक्षा विभाग में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अनुपम मिश्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनपर काउंसलिंग की महत्वपूर्ण पत्रावली (फाइल) वापस न करने और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप है। यह FIR गुरुवार देर रात 1:52 बजे संबंधित थाने में दर्ज की गई।

मामला तब प्रकाश में आया जब डीएम अनुनय झा ने बैठक में वरिष्ठ लिपिक श्रीनिवास मिश्र से शिक्षक भर्ती के तहत जिले में नियुक्त शिक्षकों की पत्रावलियां मांगी। लिपिक ने पत्रावलियां लिपिक अनुपम मिश्र के पास होने




की बात कही। फिर डीएम ने पत्रावली गायब होने की एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए।

मामला सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश से जुड़ा है। विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-18516/2019 (उप्र राज्य व अन्य बनाम नीरज कुमार पाण्डेय व अन्य) के अनुपालन में हरदोई जनपद के लिए 64 अभ्यर्थियों को आवंटित किया गया था। इनमें से 61 अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों का मिलान कराया गया था।

इसके बाद, 30 मार्च 2026 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET), हरदोई में विज्ञान और गणित शिक्षकों की स्कूल आवंटन और पदस्थापन की काउंसलिंग प्रक्रिया संपन्न हुई थी। काउंसलिंग से संबंधित यह महत्वपूर्ण पत्रावली पहले पटल सहायक शिवनिवास मिश्र के पास सुरक्षित रखी गई थी। बाद में, BSA के मौखिक निर्देश पर शिवनिवास मिश्र ने यह पत्रावली




सहायक अनुपम मिश्र को सौंप दी। मई 2026 में जिलाधिकारी के निर्देश पर अनुपम मिश्र को जनगणना कार्यालय, हरदोई में संबद्ध कर दिया गया, जहाँ उन्होंने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया था।

नियमानुसार, जनगणना कार्यालय जाने से पहले अनुपम मिश्र को यह फाइल मूल पटल सहायक या बीएसए कार्यालय को वापस सौंपनी थी। आरोप है कि पटल सहायक शिवनिवास मिश्र और उच्चाधिकारियों द्वारा बार-बार मांगे जाने के बावजूद अनुपम मिश्र ने पत्रावली वापस नहीं की।

वरिष्ठ सहायक द्वारा सरकारी निर्देशों का उल्लंघन करने और महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज अपने पास रखने को गंभीरता से लेते हुए, पटल सहायक शिवनिवास मिश्र की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेउसा-बिसवां मार्ग पर कार-बाइक की भिड़ंत

### कार सवार तीन युवक गंभीर घायल, एक लखनऊ रेफर

**टक्कर**

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर के रेउसा-बिसवां मार्ग पर गुरुवार देर रात कार और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में कार सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बाइक सवार बाल-बाल बच गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक युवक की हालत नाजुक होने पर उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार रामपुर मथुरा क्षेत्र में आयोजित आजाद समाज पार्टी के एक कार्यक्रम में शामिल होकर कार सवार तीन युवक देर रात अपने घर लौट रहे थे। कार में रामकोट थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी अरुण, पिसावां क्षेत्र के वजीरनगर निवासी अनुज



तथा मिश्रिख क्षेत्र निवासी अंकुल सवार थे। कार्यक्रम से वापस लौटते समय रेउसा-बिसवां मार्ग पर उनकी कार की सामने से आ रही एक बाइक से जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक सवारों को मामूली चोटें आईं और वे बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने घायलों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया।

### 7 बैंकों से क्रेडिट कार्ड बनवाए : सिबिल-आयकर पोर्टल ब्लॉक, शहर कोतवाली में अज्ञात पर केस दर्ज

# पैन कार्ड से 11 लाख की धोखाधड़ी

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई शहर के लक्ष्मीपुरवा निवासी प्रशांत मिश्रा के साथ पहचान की चोरी और 11 लाख रुपये से अधिक की वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक जालसाज ने पीड़ित के पैन कार्ड का दुरुपयोग कर उनके नाम पर 7 अलग-अलग बैंकों से क्रेडिट कार्ड जारी करवा लिए और 3 वित्तीय संस्थानों से पर्सनल लोन भी ले लिया।

इस पूरी जालसाजी के जरिए 11 लाख से अधिक की क्रेडिट लिमिट और लोन का अनधिकृत इस्तेमाल किया गया है। इस धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित ने पैसाबाजार पर अपनी क्रेडिट रिपोर्ट देखी। पीड़ित प्रशांत मिश्रा के अनुसार, जालसाज ने इस बड़ी धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए उनके पैन कार्ड को एक अज्ञात आधार कार्ड से अवैध रूप से लिंक कर रखा है, जिसके शुरुआती अंक 23 और अंतिम अंक 21 हैं।

आरोपी ने अपनी पहचान छुपाने और बैंकों को धोखा देने के लिए क्रेडिट कार्ड्स की डिलीवरी के पते






लखनऊ के अलग-अलग क्षेत्रों के दर्ज करवाए। बैंकों में मुख्य मोबाइल नंबर जालसाज ने अपना डाला, जबकि वैकल्पिक नंबर के रूप में पीड़ित का नंबर दर्ज कर दिया। बीती 12 जून को कोटक महिंद्रा बैंक के प्रतिनिधि का फोन आने पर पीड़ित को इस साजिश का पता चला।

खुद को सुरक्षित रखने और पीड़ित को अंधेरे में रखने के लिए जालसाज ने प्रशांत के आधिकारिक ट्रांसयूनियन सिबिल (CIBIL) पोर्टल पर एक फर्जी ईमेल आईडी (dprashantmesra@gmail.com) रजिस्टर्ड करके उनके प्रोफाइल को ही ब्लॉक कर दिया।

### शिकायत के बाद जांच शुरू

इस वित्तीय सेंधमारी में HDFC, Kotak, RBL, BOBCARD, SBI जैसे बैंकों के 7 क्रेडिट कार्ड और SBI, LIC Housing Finance जैसे संस्थानों से 3 पर्सनल लोन शामिल हैं। इस मामले में पीड़ित ने हरदोई पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है।

इसके अलावा, आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर भी पीड़ित का मोबाइल और ईमेल हटाकर अपना विवरण दर्ज कर पासवर्ड बदल दिया।

इस वजह से पीड़ित अपने ही खातों को एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। इस धोखाधड़ी के कारण पीड़ित का सिबिल स्कोर पूरी तरह खराब हो चुका है और बैंक उन पर रिकवरी का दबाव बना रहे हैं।

# आरोपी प्रधान की गिरफ्तारी न होने पर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

### पीड़ित परिवार ने डीएम कार्यालय में आमरण अनशन शुरू किया

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में एक युवक पर जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी और वर्तमान प्रधान की गिरफ्तारी न होने से नाराज पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। मांग पूरी न होने पर पीड़ित पक्ष ने शुक्रवार से कलेक्ट्रेट में आमरण अनशन शुरू कर दिया है।

पीड़ित अमित ने बताया कि यह घटना हरियावां थाना क्षेत्र के ग्राम भदेवरा में हुई। बीते 28 मई को गांव के शरीफ, जावेद, छोटे और जुनैद ने रंजिश के चलते अमर सिंह के भाई संजय पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया था।



आरोपियों ने संजय के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 118(2), 352, 351(3) और 109(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पीड़ित अमर सिंह का आरोप है कि पुलिस ने दो आरोपियों (छोटे और जुनैद) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन मुख्य आरोपी वर्तमान प्रधान शरीफ अभी भी फरार है।

अमर सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधान शरीफ मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। सुलह न करने पर वह परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

आरोपी की गिरफ्तारी न होने से परेशान पीड़ित अमर सिंह के साथ परिवार व गांव के अनिल, मनोज, सुंदर, इब्राहिम, राम शरण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई और आरोपी प्रधान की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। खबर लिखने के 2:30 बजे तक पीड़ित परिवार के लोग आमरण अनशन पर बैठे रहे।

# सम्पादकीय

## अमेरिका-ईरान में शांति



अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड के बजाय फ्रांस में समय से पहले अंतरिम शांति समझौते पर हस्ताक्षर होने से उसके लागू होने का रास्ता तो साफ हो गया, लेकिन यह भविष्य ही बताएगा कि यह समझौता पश्चिम एशिया में स्थायी शांति का मार्ग वास्तव में प्रशस्त कर पाएगा या नहीं? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इजरायल इस समझौते से खुश नहीं। यह कहना भी कठिन है कि इजरायल के साथ ईरान भी समझौते के अनुरूप आचरण करेगा।

यदि ईरान हिजबुल्ला और हाउती जैसे संगठनों को इजरायल को निशाना बनाने के लिए उकसाता है तो इस समझौते का टूटना तय है। यह अमेरिका की कमजोरी का ही प्रमाण है कि वह ईरान पर इसके लिए दबाव नहीं बना पाया कि वह इजरायल के लिए खतरा बने हिजबुल्ला और हाउती जैसे संगठनों की मदद करना बंद करे। ये दोनों संगठन एक तरह से ईरान की छद्म सेनाएं ही हैं।

अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद अमेरिका और ईरान की ओर से अपनी-अपनी जीत का दावा करना स्वाभाविक है, क्योंकि दोनों पक्षों को अपनी जनता को भी संतुष्ट करना है, लेकिन फिलहाल ईरान अधिक लाभ में दिख रहा है। अमेरिका और इजरायल ने जिन उद्देश्यों के लिए बीती 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया, वे उन्हें हासिल होते नहीं दिख रहे हैं। ईरान में न तो सत्ता परिवर्तन हो सका और न ही उसकी घातक मिसाइल क्षमता नष्ट हो पाई। उलटे उसने खाड़ी के देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले कर इन देशों के मन में अपनी सुरक्षा के लिए डर पैदा करने का काम किया।

इन हमलों से ईरान ने यही संदेश दिया कि खाड़ी के देश अमेरिकी सैन्य छतरी तले सुरक्षित नहीं। यदि अमेरिका और इजरायल के लिए संतोष की कोई बात है तो केवल यही कि ईरान ने परमाणु हथियार न बनाने का वादा किया है, लेकिन इसमें संदेह है कि वह अपने इस इरादे का सदैव के लिए परित्याग करेगा। 14 बिंदुओं वाले अंतरिम समझौते के तहत यह भी तय हुआ है कि ईरान 60 दिनों के लिए होर्मुज समुद्री मार्ग खोल देगा, लेकिन यह प्रश्न अनुत्तरित है कि इसके बाद क्या होगा? यदि वह 60 दिनों बाद इस समुद्री मार्ग से निकलने वाले जहाजों से टैक्स वसूलने लगता है तो इससे अमेरिका की हेठी ही होगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के पहले यह समुद्री मार्ग सबके लिए खुला था, लेकिन अब ईरान उस पर आधिपत्य चाहता है। यदि वह इसमें सफल हो जाता है तो खाड़ी देशों के साथ अमेरिका को तो झटका लगेगा ही, विश्व अर्थव्यवस्था को भी नुकसान होगा, क्योंकि तेल और गैस के दाम बढ़ सकते हैं। ईरान को यह लाभ मिलता भी दिख रहा है कि अब वह अपना तेल बेचने के लिए स्वतंत्र होगा। साफ है कि अमेरिका के लिए दुनिया को यह बताना कठिन होगा कि उसे ईरान पर हमले से हासिल क्या हुआ?

# तेल, व्यापार और कूटनीतिः ईरान जंग ने भारत को क्या सिखाया



> भारत इस संघर्ष का प्रत्यक्ष पक्ष नहीं था, फिर भी दुनिया के किसी भी बड़े ऊर्जा संकट की तरह इसकी सबसे बड़ी कीमत भारत जैसे आयात-निर्भर देशों को चुकानी पड़ी।

110 दिनों तक चली अमेरिका-ईरान जंग आखिरकार एक समझौते के साथ थम गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इसे अपनी बड़ी कूटनीतिक जीत बता रहे हैं जबकि आलोचकों का कहना है कि युद्ध के जिन उद्देश्यों को लेकर अमेरिका मैदान में उतरा था, उनमें से कोई भी पूरी तरह हासिल नहीं हुआ। दूसरी ओर ईरान अपनी सत्ता, परमाणु ढांचे और क्षेत्रीय प्रभाव को बचाने में सफल दिखाई देता है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इसका भारत पर क्या असर होगा? तेल महंगा हुआ, रुपया दबाव में आया, महंगाई बढ़ी, उर्वरक उत्पादन प्रभावित हुआ और आर्थिक विकास की गति धीमी पड़ी। अब जबकि युद्धविराम हो गया है और होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की घोषणा की गई है, सवाल यह है कि क्या भारत के लिए संकट समाप्त हो गया है या असली चुनौती अभी बाकी है।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि युद्धविराम और सामान्य स्थिति में फर्क होता है। अमेरिका और ईरान के बीच हुई 14 बिंदुओं वाली डील में होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने का प्रावधान है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि कल से तेल आपूर्ति पहले जैसी हो जाएगी। होर्मुज दुनिया की ऊर्जा धमनियों में से एक है। वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत इसी रास्ते से गुजरता है। भारत के लिए इसका महत्व और भी अधिक है क्योंकि उसका अधिकांश कच्चा तेल खाड़ी देशों से आता है। समस्या यह है कि युद्ध के दौरान समुद्र में बिछाई गई बारूदी सुरंगें, सुरक्षा जोखिम, बीमा प्रीमियम और संभावित राजनीतिक अस्थिरता अभी भी बरकरार हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि होर्मुज में पूरी तरह सामान्य यातायात बहाल होने में कई महीने लग सकते हैं। इसका मतलब है कि कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल और स्थायी गिरावट की उम्मीद करना जल्दबाजी होगी।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों का हर उतार-चढ़ाव सीधे भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। युद्ध शुरू होने से पहले ब्रेंट क्रूड लगभग 72 डॉलर प्रति बैरल था। संघर्ष के चरम पर यह 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। इससे भारत का आयात बिल अचानक बढ़ गया। सरकार ने शुरुआती महीनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें नहीं बढ़ाईं। इसका बोझ तेल विपणन कंपनियों पर पड़ा। बाद में कीमतों में वृद्धि करनी पड़ी, लेकिन तब भी कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा। अब यदि तेल फिर से 70 डॉलर के आसपास भी आ जाए तो भी पेट्रोल-डीजल तुरंत सस्ते होने की संभावना कम है। सरकार और तेल कंपनियां पहले युद्धकालीन नुकसान की भरपाई करना चाहेंगी, यानी आम उपभोक्ता के लिए राहत की राह अभी लंबी है।

तेल केवल पेट्रोल और डीजल तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव परिवहन, बिजली, उद्योग, कृषि और उपभोक्ता वस्तुओं तक जाता है। युद्ध के दौरान भारत में थोक महंगाई दर 43 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई। परिवहन लागत बढ़ी तो वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ीं। खाद्य पदार्थों से लेकर निर्माण सामग्री तक लगभग हर क्षेत्र प्रभावित हुआ। अगर होर्मुज में कोई नया तनाव पैदा होता है और तेल कीमतें फिर ऊपर जाती हैं तो भारत में महंगाई का दबाव दोबारा बढ़ सकता है।

यानी भारतीय रिजर्व बैंक को ब्याज दरों को लेकर अधिक सतर्क रहना पड़ेगा। इससे निवेश और आर्थिक गतिविधियों पर भी असर पड़ सकता है।

ऊर्जा आयात बढ़ने का सबसे बड़ा असर विदेशी मुद्रा भंडार और रुपये पर पड़ता है। युद्ध के दौरान भारत का आयात बिल बढ़ा और डॉलर की मांग भी। परिणामस्वरूप रुपया कमजोर हुआ। कमजोर रुपया केवल तेल ही नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, रसायन और अन्य आयातित वस्तुओं को भी महंगा बनाता है। यदि खाड़ी क्षेत्र में फिर अस्थिरता बढ़ती है तो रुपया एक बार फिर दबाव में आ सकता है। इसलिए युद्धविराम के बावजूद भारतीय वित्तीय बाजार पूरी तरह निश्चिंत नहीं हैं।

इस युद्ध का सबसे कम चर्चित लेकिन सबसे गंभीर प्रभाव भारतीय कृषि पर पड़ा है। भारत यूरिया और एलएनजी के लिए खाड़ी देशों पर काफी हद तक निर्भर है। युद्ध के कारण इनकी आपूर्ति प्रभावित हुई। नतीजतन उर्वरक उत्पादन में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यदि यह स्थिति लंबे समय तक रहती तो खेती की लागत और खाद्य महंगाई दोनों बढ़ सकती थीं। हालांकि फिलहाल आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है, लेकिन इस संकट ने भारत को एक बार फिर याद दिलाया है कि खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

इस पूरे संकट का एक भू-राजनीतिक पहलू भी है। अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता में ओमान, कतर और पाकिस्तान जैसे देशों की भूमिका दिखाई दी। रूस और चीन लगातार सक्रिय रहे। लेकिन भारत, जो दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और खाड़ी क्षेत्र से गहरे आर्थिक संबंध रखता है, शांति प्रक्रिया में लगभग अदृश्य रहा। यह स्थिति भारत की विदेश नीति के सामने एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा करती है। क्या भारत केवल आर्थिक शक्ति बनकर रह जाएगा या भविष्य में क्षेत्रीय और वैश्विक संकटों में प्रभावशाली कूटनीतिक भूमिका भी निभाएगा? विशेष रूप से तब, जब खाड़ी क्षेत्र में लगभग 90 लाख भारतीय रहते हैं और भारत के ऊर्जा हित सीधे इस क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इस युद्ध ने भारत को तीन बड़े सबक दिए हैं। पहला, ऊर्जा निर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न है। जब तक भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर विदेशों पर निर्भर रहेगा, तब तक किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष का असर उसकी अर्थव्यवस्था पर पड़ता रहेगा। दूसरा, रणनीतिक भंडारण और ऊर्जा विविधीकरण को और तेज करना होगा। रूस, अमेरिका, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से तेल आयात बढ़ाने की नीति को और मजबूत करना पड़ेगा।

तीसरा, अक्षय ऊर्जा अब केवल पर्यावरणीय एजेंडा नहीं बल्कि आर्थिक और सामरिक आवश्यकता है। सौर, पवन, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में निवेश भारत को भविष्य के ऐसे संकटों से बचा सकता है। इस प्रश्न का उत्तर दुर्भाग्य से 'हां' है। अमेरिका-ईरान समझौते में कई महत्वपूर्ण मुद्दे अभी भी अनसुलझे हैं। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अंतिम सहमति नहीं बनी है।

**राजेश जैन**

## मनुष्य जन्म

कोई व्यक्ति यह सोचे कि मेरे बिना उसका काम नहीं चलता या उसके बिना मेरा काम नहीं चलता तो यह उसका मानसिक भ्रम है। सच्चाईं यह है कि किसी का काम किसी के बिना रुका नहीं रहता। जन्म और मृत्यु का प्रवाह बहता है। हर व्यक्ति इस प्रवाह में बहकर अदृश्य हो जाता है और संसार का काम ज्यों-का-त्यों चलता रहता है। शास्त्र में चार चीजें दुर्लभ बताईं गईं हैं । मनुष्य जन्म का मिलना, उच्च कुल में जन्म, धर्म का श्रवण व धर्म में श्रद्धा और संयम में पराक्रम । मनुष्य जन्म यदि मिल जाए तो जीवन कैसे जीया जायें यह बहुत महत्वपूर्ण बात होती हैं ।हम मानव को जीवन को अच्छे लक्ष्य के साथ जीना चाहिए । मनुष्य एक चिंतनशील और विवेकशील प्राणी हैं । शस्त्रों में तो यहां तक कहां गया हैं कि पूर्व कर्मों का नाश करने के लिए इस देह को धारण करना चाहिए । हमें यह दुर्लभतम मनुष्य जीवन पूर्व भव में सदकर्मो के कारण मिला है, अतः हम अहम् एवं परम् शत्रु गुस्सै, भौतिकवाद आदि सें दूर रहतें हुवें, हर परिस्थिति में सं रहतें हुवें, विवेक सें चिंतन एवं सभी के प्रति विनम्रता सें पेश आते हुवें, सभी के सुःख - दुःख में सहभागी बनते हुवें, त्याग - तपस्या, स्वाध्याय, साधना आदि करतें हुवें, इस जन्म का पूरा सार निकालते हुवें, हम अपने परम् धाम की और अग्रसर हों। मनुष्य जीवन को यदि वृक्ष मान लिया जाए तो छः फल मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष के लगने चाहिए । उसमें पहला बताया गया है -जिनेश्वर भगवान् की भक्ति करें, नाम स्मरण करें । दूसरा बताया गया हैं- गुरु की पर्युपासना करें । तीसरा फल - सभी प्राणियों के प्रति करुणा का भाव रखना । अपनी और से किसी को कष्ट देने का व्यर्थ प्रयास न करें । चौथा फल हैं-सुपात्र दान देना । पांचवां फल हैं- गुणों के प्रति अनुराग और छठा फल हैं- आगम वाणी का श्रवण व स्वाध्याय । इस प्रकार यदि मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष पर ये फल लगते हैं तो उसका जीवन सफल हो सकता हैं । पुण्योदय से प्राप्त मानव जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने के लिए दुष्प्रर्वर्तियों, कुसंगतियों, अन्याय , अधर्म ,और पशुवत् व्यवहारों आदि से दूर रहकर सत्मार्ग पर गतिशील रहना चाहिए ।

› **प्रदीप छाजेड़**

## वक्त सबसे बड़ी ...

डॉ रमेश ठाकुर

# मानवीय कर्तव्य समझें पीड़ितों को आश्रय देना?



आज 20 जून को समूचे संसार में 'विश्व शरणार्थी दिवस मनाया जा रहा है जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के अनगिनत लोगों को सम्मानित करने के लिए नामित एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। ऐसे अभागे लोग जिन्हें मजबूरियों, संघर्ष, हिंसा, उत्पीड़ित होकर ना चाहते भी अपने घरों को छोड़ना पड़ा हो। आज का दिवस शरणार्थियों की हिम्मत, शक्ति, साहस, संकल्प की सराहना करता है, उन्हें धैर्य रखने का संबल प्रदान करता है। शरणार्थियों के रूप में विश्व की बड़ी आबादी आज भी बे-मुल्क है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 4 दिसंबर, 2000 को 'विश्व शरणार्थी दिवस' घोषित किया गया था और अगले ही वर्ष यानी 2001 से, दिवस को वार्षिक कार्यक्रम के रूप में मनाने की पहचान मिली। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1951 'कन्वेंशन रिफ्यूजी स्टेटस' की 50वीं वर्षगांठ के रूप में इस दिवस को चिह्नित किया था। हालांकि, कुछेक मुल्कों ये दिवस अलग-अलग तिथियों में मनाया जाता है। शरणार्थी दिवस हमें बेघर लोगों की सुरक्षा करने, उनकी आर्थिक दुर्दशा सुधारने और समाज के साथ तालमेल बिठाने की दिशा में वकालत के लिए प्रेरित करता है। भारत में इस समय विभिन्न देशों के करीब 2 से 3 लाख के बीच निर्वासित लोग हैं। शरणार्थियों के अधिकृत आंकड़े देखें, तो भारत में वर्ष-2021 में शरणार्थियों की संख्या 2,12,413 थी। 2022 में 8.72 फीसदी की बढ़ौतरी होकर संख्या 2,42,835 तक पहुंची। जबकि, सन् 2020 में 195,373 ही थी। सीरिया, अफगानिस्तान, दक्षिण सूडान, म्यांमार व सोमालिया ये पांच ऐसे मुल्क हैं जिनमें विश्व की तकरीबन दो तिहाई से अधिक शरणार्थियों की आबादी बसी हुई है। जरा सोचिए, अगर ये देश भी इन लोगों को खदेड़ दें? तो इनका क्या होगा। भारत अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान जैसे एकाध और एशियाई देशों के शरणार्थियों डेरा डाले हुए हैं। ये सभी हिंदू हैं जिन्हें उपरोक्त देशों ने धर्म के आधार पर पीड़ित किया, जिसके चलते इन्होंने हिंदुस्तान की शरण ली। हालांकि इन्हें नागरिकता देने के लिए केंद्र सरकार ने सीएए कानून लागू किया है। लेकिन सवाल उठता है, भारत ने तो शरणार्थियों का समाधान निकाल लिया पर, अन्य देश इस समस्या को सुलझाने के लिए कब पहल करेंगे? 2026 की थीम है 'शरणार्थियों के साथ एकजुटता' जबकि, 2025 की थीम 'निर्वासितों के स्वास्थ्य की देखरेख करना'।

गौतरलब है भारत में तिब्बत, भूटान, नेपाल व मंम्यार के शरणार्थी भी पनाह लिए हुए हैं। ये आधुनिक समय की विकट समस्याओं में एक है। शरणार्थियों के संबंध में हमें समझना होगा, आखिर ये होते कौन हैं ।

> **समय बदला है और व्यवस्थाएं भी बदली हैं। हुकूमतें भी सख्त हैं, कानन-व्यवस्थाएं भी दुरुस्त हैं, के बावजूद भी शरणार्थियों की समस्याएं जस की तस बनी है। एशिया कुछ ज्यादा ही इस परेशान से घिरा है। शायद कोई ऐसा एशियाई मुल्क नहीं, जहां विगत वर्षों से म्यांमार के रोहिंग्या न पहुंचे हों।**
>
> **दिक्कत सबसे बड़ी एक ये है अपना देश छोड़ने के बाद शरणार्थी फिर आसानी से अपने घर वापस नहीं लौट पाते? फिर उन्हें ताउम्र दर-दर ही भटकना पड़ता है क्योंकि आज कोई भी मुल्क ऐसे लोगों को पनाह देने को राजी नहीं हैं। एक वक्त था, जब शरणार्थी सिर्फ हिंसा, दंगा या युद्ध के चलते ही अपना देश छोड़ते थे पर, अब जातीय और धार्मिक कारणों के चलते भी लोग घर छोड़ने है।**

## योग, भोग ...

वेदव्यास

# कोई राम भरोसे है तो कोई राज भरोसे है

जिस तरह गंगा, यमुना और सरस्वती, भारत में हिंदुत्व का संगम है, उसी तरह योग, भोग और रोग, हमारे जीवन में सुख-दुख की त्रिवेणी है। भूख और प्यास के अथाह समुद्र में डूबा और कुपोषण, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के चक्रव्यूह में फंसा और काम, क्रोध, मद, लोभ और मोह के दलदल में हाथ पैर मारता मेरा देश आजकल-जाति धर्म की महामारी से जूझ रहा है, क्योंकि इसके 140 करोड़ देवी-देवता ज्ञान और अज्ञान एक साथ पी रहे हैं। कोई राम के भरोसे है, तो कोई राज के खजाने पर निर्भर है, तो कोई भाग्य के सहारे भविष्य के नाम पर प्रार्थना-प्रवचन सुन रहा है। इस तरह विश्व गुरु की तीन पीढ़ियां एक साथ अपनी नाव को लहर-लहर पार करते हुए मझधार में डूब रही है और मोक्षदायिनी मां गंगा की गोद में सपनों को बहते हुए देख रही हैं। सब चुप हैं-क्योंकि-फरिश्ता देख रहा है और सब निराश हैं, क्योंकि धर्म दूतों को पूरे आर्यवर्त में कोई संजीवनी पर्वत नहीं मिल रहा है। यहां सच कहना अपराध है फिर भी विनम्रता और दृढ़ता से कह रहा हूं कि बहुमत की इंद्रसभा में सब कुछ परिवर्तन के नाम पर मनमाना हो रहा है। विगत को गालियां देते-देते संतों की दाढ़ी सफेद हो गई है और मन की बात सुनाते-सुनाते वाणी की अमृत भी विष बन गया है। क्योंकि राजनीति के दंगल में हर पहलवान लूटो-खाओ और मौज मनाओ का मंगल मंत्र पढ़ रहा है। अब जनता से कोई नहीं पूछता कि उसके अच्छे दिन अब कहां दम तोड़ रहे हैं? ऐसे में एक गुजराती कवि पारूल खक्खर कहते हैं कि एक आवाज में मुर्दे बोले, सब कुछ चंगा-चंगा/राजन तेरे वस्त्र दिव्य हैं, और दिव्य है ज्योति/राजन असली रूप ये तेरा देखे सारी बस्ती/ है माई का लाल कोई जो बोले-राजा नंगा/ लपटें देख के गाल बजाए, वाह रे बिल्ला-रंगा/ राजन, तेरे रामराज्य में शव वाहिनी गंगा।

योग, भोग और रोग की इस प्रयोगशाला का पुण्य प्रताप अब ये है कि सरकार बिना जनता को विश्वासों में लेकर आए दिन संसद में ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित करते हुए नोटबंदी कर देती है। आत्मनिर्भर भारत का शंखनाद कर देती है, भूखे-नंगे-अनपढ़ गांवों में डिजिटल इंडिया का जाल फैला देती है। आयात को ''मेक इन इंडिया'' बनाकर निर्यात कर लेती है, बाजार को काबू करने के लिए एक देश-एक टैक्स (जीएसटी) थोप देती है और पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद-बीज को महंगा करके किसान, मजदूर और नौकरीपेशा मुंगेरीलाल की कमर तोड़ देती हैं।

अब कोई सुनने वाला और जवाब देने वाला नहीं है कि राशन की दुकानों पर गली-मोहल्लों में लाइनें क्यों लगी हैं और मनरेगा में करोड़ों बेरोजगारों की भीड़ क्यों बढ़ रही है और महंगाई तथा बेरोजगारी शुतुरमुर्ग की तरह जमीन में क्यों घुस रही है। आश्चर्य तो ये है कि केंद्र तो अपनी छवि चमका रहा है, लेकिन राज्यों का दिवाला निकल रहा है। शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार, उद्योग और शासन-प्रशासन सभी चौपट हो गए हैं। कानून और यातना का डंडा बजाकर प्रतिरोध करने वालों को जेलों में ठूंसा जा रहा है तथा अदालतों को देशद्रोह और आतंकवाद का खतरा बताकर गुमराह किया जा रहा है।

## जरा हटके

## अपनी स्थापना के...

संजय कुमार सुमन

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः स्वस्थ और लंबी उम्र का आधार

योग एक प्राचीन विद्या है जिसकी उत्पत्ति भारत में हजारों वर्ष पहले हुई थी। इसमें आसन,प्राणायाम, ध्यान और नैतिक सिद्धांत शामिल हैं। योग का अभ्यास मन, शरीर और आत्मा को एकीकृत करके समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है।

योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का एक प्रभावी तरीका है।योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है, जो शारीरिक आसनों, श्वास तकनीकों और ध्यान के माध्यम से शरीर और मन के संतुलन पर जोर देता है।आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और बढ़ते तनाव के बीच योग का महत्व काफी बढ़ गया है, क्योंकि यह न सिर्फ स्ट्रेस को कम करता है, बल्कि शरीर को फिट और दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें बताता है कि हमारे जीवन में योग को अपनाकर हम अपने लाइफस्टाइल को फ्लेक्सिबल, संतुलित और स्ट्रेस फ्री बना सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न देशों में सामूहिक योग सत्र, जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य अभियानों का आयोजन किया जाता है। यह दिवस लोगों को निवारक स्वास्थ्य देखभाल और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है, जिससे वैश्विक स्तर पर समग्र कल्याण को बढ़ावा मिलता है।

योग की उत्पत्ति भारत की वैदिक संस्कृति और ऋषि-मुनियों की हजारों वर्ष पुरानी साधना से जुड़ी है। संस्कृत की 'युज' धातु से बने इस शब्द का अर्थ है आत्मा का परमात्मा से मिलन, या मन और शरीर का जुड़ाव।




आधुनिक विश्व में इसे वैश्विक पहचान दिलाने का श्रेय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक महत्वपूर्ण क्षण से हुई। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग की वैश्विक लोकप्रियता और समग्र लाभों को समझते हुए इस प्राचीन अभ्यास के लिए एक दिन समर्पित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने 21 जून की तारीख का सुझाव दिया क्योंकि यह ग्रीष्म संक्रांति का प्रतीक है, उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन है, और दुनिया के कई हिस्सों में इसका विशेष महत्व है। इस प्रस्ताव को भारी समर्थन मिला, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्य देशों ने सह-प्रायोजक बनकर इसे पारित किया, जो किसी भी संयुक्त राष्ट्र महासभा प्रस्ताव के लिए एक रिकॉर्ड संख्या है। 11 दिसंबर 2014 को, संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। इस प्रस्ताव में व्यक्तिगत स्वास्थ्य, सद्भाव और शांति को बढ़ावा देने में योग की भूमिका को मान्यता दी गई, जो कि व्यापक रूप से विश्व स्तर पर लागू होती है।

अपनी स्थापना के बाद से, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विश्व भर में उत्साहपूर्वक मनाया जाता रहा है। प्रत्येक वर्ष, एक विशिष्ट विषय योग के विभिन्न पहलुओं को उजागर करता है, जो समकालीन मुद्दों के संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता पर बल देता है।

इस दिन, योग के प्रति उत्साही, आयुर्वेदिक चिकित्सक और विशेषज्ञ दुनिया भर में विभिन्न और गतिविधियों का आयोजन करते हैं। बड़े पैमाने पर योग सत्र, कार्यशालाएं, सेमिनार और प्रदर्शन पार्कों, स्टेडियमों और सामुदायिक केंद्रों में आयोजित किए जाते हैं, जो योग के साझा उत्सव में लोगों को एक साथ लाते हैं। ये आयोजन व्यक्तियों को उनकी उम्र, पृष्ठभूमि या फिटनेस स्तर की परवाह किए बिना योग की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव करने का अवसर प्रदान करते हैं।

साल 2026 का योग दिवस कई मायनों में खास माना जा रहा है। बदलती जीवनशैली, बढ़ती उम्र के साथ होने वाली स्वास्थ्य समस्याएं और मानसिक तनाव जैसी चुनौतियों के बीच इस बार की थीम लोगों को स्वस्थ और सक्रिय जीवन की दिशा में प्रेरित करने का संदेश देती है। विशेषज्ञों का मानना है कि योग केवल शरीर को फिट रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने का भी एक प्रभावी तरीका है।संयुक्त राष्ट्र और संबंधित आयोजकों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम Yoga for Healthy Ageing यानी स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग रखी गई है। यह थीम इस बात पर केंद्रित है कि बढ़ती उम्र में भी व्यक्ति शारीरिक रूप से सक्रिय, मानसिक रूप से संतुलित और भावनात्मक रूप से मजबूत रह सकता है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा घोषित यह विषय वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे मानसिक तनाव, अवसाद और आपसी टकराव को दूर करने की क्षमता पर जोर देता है।यहाँ योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आंतरिक ज्ञान को जगाने और दुनिया में शांति स्थापित करने का माध्यम है।

संयुक्त राष्ट्र और वैश्विक संस्थाओं ने इस वर्ष वृद्धजनों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया है। बदलती जीवनशैली में बढ़ती उम्र के साथ आने वाली शारीरिक अक्षमताओं, जैसे जोड़ों का दर्द, संतुलन की कमी और एकाकीपन को दूर करने में कोमल योग आसन और प्राणायाम एक रामबाण सिद्ध हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ने भौगोलिक सीमाओं, धर्मों और संस्कृतियों की दीवारों को तोड़कर पूरी दुनिया को एक सूत्र में पिरोया है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर पेरिस के एफिल टॉवर और टोक्यो के पार्कों तक, लाखों लोग एक साथ एक ही समय पर योग करते हैं।यह दृश्य भारत के प्राचीन दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' (पूरी धरती ही मेरा परिवार है) को चरितार्थ करता है। वर्ष 2026 में योग ने विभिन्न देशों के बीच कूटनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने वाले एक 'सॉफ्ट पावर' के रूप में अपनी स्थिति और सुदृढ़ कर ली है।यह दुनिया को सिखाता है कि बिना किसी संसाधन या महंगे उपकरणों के भी केवल एक चटाई की मदद से स्वास्थ्य क्रांति लाई जा सकती है।

## आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए थे ■ आगरा में 4 महीने पहले ही हुई थी शादी

# देवर के प्यार में पति की हत्या करवाई

**खुलासा**

तमसा संकेत, एजेंसी

**आगरा।** 'शादी के कुछ दिन बाद ही भाभी से अफेयर हो गया था। रविवार को बड़े भाई ने मुझे और भाभी को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। भाभी ने कहा था कि हम दोनों एक साथ तभी रह सकते हैं, जब तुम्हारा भाई बीच में रोड़ा न बने। इसके बाद मैंने भाभी के साथ मिलकर भाई को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। 17 जून को पत्थर से हमला कर हत्या कर दी। जिंदा न बचे, इसलिए गमछे से भी उसका गला घोंट दिया।'

ये कबूलनामा रेस्टोरेंट कर्मी अमित के छोटे भाई भोलू का है।



अमित की 19 फरवरी को ही शादी हुई थी। बुधवार को उसका खून से लथपथ शव खेत में मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में अमित के गले की हड्डी टूटी मिली थी। सिर की 4 हड्डियां भी चकनाचूर मिलीं। पुलिस ने 24 घंटे में हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी भोलू और उसकी भाभी खुशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अमित के पीछे भोलू...

इस बीच अमित के छोटे भाई भोलू ने ढाबे पर काम करने वाले एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने अमित के घर से लेकर ढाबे तक के सीसीटीवी खंगाले। एक फुटेज में अमित के पीछे उसका छोटा भाई भोलू जाता हुआ नजर आया। दूसरी फुटेज में वह हत्या के बाद बदहवास हालत में भागता हुआ दिखाई दिया। गुरुवार को अमित के शव का अंतिम संस्कार होने के बाद पुलिस ने अमित के घर पहुंची। भोलू से पूछताछ की। फिर उसे थाने लेकर आ गई। भोलू ने पूछताछ में बताया कि भाई की शादी के कुछ दिन बाद ही भाभी से अवैध संबंध हो गए थे। हम दोनों एक साथ रहना चाहते थे। 14 जून को अमित ने मुझे और भाभी को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था।



अमित के घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### शौच करते समय पीछे से सिर में मारा पत्थर

भोलू ने पूछताछ में बताया कि 17 जून को भाई अमित घर से निकला। अमित शौच करने के लिए बैठा ही था, तभी पीछे से मैं पहुंच गया। उसके सिर पर सीमेंट के पत्थर से हमला कर दिया। हमला होते ही अमित जमीन पर गिर पड़ा। फिर मैंने उसके चेहरे पर कई वार किए। इसके बाद गमछे से उसका गला घोट दिया। जब भाई मर गया तो मैं वहां से भाग निकला।

### खुशी ने सुसाइड की कोशिश की

इस बीच, गुरुवार सुबह जब पुलिस भोलू को थाने ले गई तो खुशी घबरा गई। उसने फंदा लगाकर सुसाइड करने का प्रयास किया। मगर घर में मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। कुछ देर बाद पुलिस दोबारा घर पहुंची और खुशी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस पूछताछ में जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया- भोलू को हत्या और खुशी को हत्या का षड्यंत्र रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# वीडियो: नाली विवाद में दंपती की पिटाई

### पड़ोसियों पर हमला करने का आरोप, केस दर्ज

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

**बाराबंकी।** बाराबंकी के रसूलपुर गांव में सरकारी नाली की सफाई को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पड़ोसियों ने एक दंपती पर हमला कर दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रसूलपुर निवासी संग्राम यादव ने बताया कि यह घटना 18 जून की सुबह करीब 7 बजे उनके घर के सामने हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी नाली की सफाई को लेकर विवाद के बाद कई पड़ोसियों ने उन पर और उनकी पत्नी पर लात-घूसों, डंडों तथा फावड़े से हमला किया।

संग्राम यादव के अनुसार, मारपीट के दौरान उनकी पत्नी शिवदेवी के



गले की सोने की माला और कान की टप गुम हो गई। दंपती को अंदरूनी चोटें भी आई हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें मारपीट साफ दिखाई दे रही है। पीड़ित दंपती ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बदोसराय कोतवाली प्रभारी राम अवतार सरोज ने जानकारी दी कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार

**फास्ट न्यूज़**

### रायबरेली में योग शिविर का दूसरा दिन

रायबरेली। रायबरेली में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन (रायबरेली इकाई) द्वारा आयोजित पांच दिवसीय विशेष योग शिविर का दूसरा दिन उत्साहपूर्ण रहा। मुंशीगंज स्थित ऐतिहासिक राणा बेनी माधव बख्श सिंह पार्क में बड़ी संख्या में लोगों ने योग की विभिन्न विधाओं में भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने स्वयं भी आम जनमानस और योग साधकों के साथ सामूहिक योग शिविर में हिस्सा लिया।

### रोडवेज बस में महिला से अभद्र व्यवहार

बाराबंकी। बाराबंकी के सफदरगंज क्षेत्र में गोरखपुर से लखनऊ जा रही एक रोडवेज बस में महिला यात्री के साथ कथित अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, कानपुर देहात निवासी पीड़ित महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि वह गोरखपुर से लखनऊ जा रही रोडवेज बस में यात्रा कर रही थी। आरोप है कि रात करीब 2:30 बजे, जब अधिकांश यात्री सो रहे थे, तभी पीछे की सीट पर बैठे एक व्यक्ति ने उसे गलत तरीके से छूना शुरू कर दिया।

### आगरा में 24 घंटे में 1°सी बढ़ा तापमान

आगरा। शुक्रवार सुबह शहर में तेज धूप के साथ दिन की शुरुआत हुई। बीती रात हल्के बादल छाए रहने के साथ तेज हवाएं चलीं, जिससे मौसम में कुछ बदलाव महसूस हुआ। हालांकि गुरुवार को उमस भरी गर्मी ने लोगों को दिनभर परेशान किया। भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज अधिकतम तापमान 41C और न्यूनतम तापमान 27C रहने का अनुमान है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 40C दर्ज किया गया था। ऐसे में बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में करीब 1C की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है।

# वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट ठप, गंदगी का अंबार

### समोधा, बिशुनपुर में लोग बदबू और कूड़े से परेशान

**मांग**

तमसा संकेत, एजेंसी

**रायबरेली।** रायबरेली के बछरावां में लाखों रुपये की लागत से बने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (SWMC) सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से बनाए गए ये केंद्र महज शोपीस बनकर रह गए हैं। समोधा और बिशुनपुर गांवों में स्थापित ये केंद्र कूड़ा प्रसंस्करण के बजाय बंद पड़े हैं और जर्जर हालत में हैं।

इन केंद्रों तक कूड़ा पहुंचाना तो दूर, इनके आसपास भी कूड़ा फेंका जा रहा है। इससे ग्रामीणों को बदबू और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है।

शोभनाथ, आकाश, सर्वेश, आलोक, विपिन, पवन, पंकज, शीलू सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया



■ प्लांट चालू कराने की मांग

कि इन केंद्रों के निर्माण के बाद से ही ये बंद पड़े हैं। न तो कूड़ा संग्रहण की कोई व्यवस्था है और न ही इनकी कोई निगरानी की जा रही है।

अधिकारियों द्वारा इन सेंटरों को चालू कराने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है, जिससे स्वच्छ भारत अभियान जमीन पर खोखला साबित होता दिख रहा है। गली-मोहल्लों में कूड़े के ढेर लगे रहते हैं, जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

### आगरा में ठेकेदार से लूट की कोशिश

**आगरा।** आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र में भगवती ढाबा के पास बाइक सवार बदमाशों ने ठेकेदार की चेन लूटने की कोशिश की। बाइक से सड़क पर गिरे तीन बदमाशों में से एक को पीड़ित ने दबोच लिया।

इस पर उसने तमंचे से युवक को गोली मार दी और तीनों बदमाश फरार हो गए। ठेकेदार पेट में गोली लगने से घायल हो गया। हालांकि पुलिस ने वारदात का कारण रंजिश बताई है। रुनकता निवासी बंटी सिकरवार इंडस्ट्रियल एरिया स्थित जूता फैक्ट्री में ठेकेदापर है। गुरुवार रात को वह बाइक से फैक्ट्री से घर जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि भगवती ढाबा के पास रात 9 बजे बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने बंटी के गले से सोने की चेन लूटने का प्रयास किया। इस पर बंटी और बाइक सवार बदमाश सड़क पर गिर पड़े।

बंटी ने विरोध करते हुए एक बदमाश को दबोच लिया। इस पर उसने तमंचे से बंटी को गोली मार दी। पेट में गोली लगने से बंटी खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़े। बाइक सवार बदमाश बिना चेन लूटे ही फरार हो गए।

### सहयोग के बिना कई एनडीए सहयोगी लोकसभा और विधानसभा तक हीं पहुंच पाते

# अरविंद सिंह गोप ने को दी एनडीए चुनौती

### बाराबंकी में कहा- सपा का एक प्रधान या ब्लॉक अध्यक्ष तोड़कर दिखाएं

**अपील**

तमसा संकेत, एजेंसी

**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ओमप्रकाश राजभर के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने एनडीए के सहयोगी दलों पर निशाना साधते हुए दावा किया कि समाजवादी पार्टी के सहयोग के बिना कई एनडीए सहयोगी लोकसभा और विधानसभा तक हीं पहुंच पाते।

गोप ने कहा कि कुछ नेताओं के बेटों का लोकसभा और विधानसभा तक पहुंचना समाजवादी पार्टी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के समर्थन के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने 'कृपा की राजनीति' करने वालों को अपनी राजनीतिक सफलता की





■ एनडीए के सहयोगी दलों पर टिकट बेचने के आरोपों पर गोप ने एक वायरल वीडियो का जिक्र किया

परिस्थितियों को याद रखने की सलाह दी।

सपा नेता ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी न कभी टूटी है और न ही भविष्य में टूटेगी। उन्होंने सुभासपा पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी पार्टी के चार विधायक आज भी सपा के साथ हैं, जबकि जो दल स्वयं टूट की स्थिति में हैं, वे सपा को तोड़ने की बात कर रहे हैं। गोप ने विपक्षी दलों को चुनौती दी कि वे सपा का एक प्रधान या एक ब्लॉक अध्यक्ष तक तोड़कर दिखा दें।

एनडीए के सहयोगी दलों पर टिकट बेचने के आरोपों पर गोप ने एक वायरल वीडियो का जिक्र किया, जिसमें टिकटों के लेन-देन की बात कही जा रही है। हालांकि, उन्होंने वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की, लेकिन कहा कि संबंधित दल के बारे में जनता पहले से बहुत कुछ जानती है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे सतर्क रहें और सुनिश्चित करें कि उनके वोटों का सौदा किसी भी स्तर पर न हो।

### बाराबंकी में गर्मी: तापमान 44 डिग्री, अस्पतालों में बढ़े मरीज ■ लोग परेशान

# बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित

**परेशानी**

तमसा संकेत, एजेंसी

**बाराबंकी।** बाराबंकी में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है, जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच रहा है, जिसके कारण दोपहर में लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। गर्म हवाएँ और उमस भरा मौसम लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं।

इस तेज गर्मी का असर स्वास्थ्य सेवाओं पर भी स्पष्ट दिख रहा है। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में उल्टी, दस्त, बुखार, चक्कर और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। चिकित्सक लोगों को पर्याप्त पानी पीने, धूप से बचने और



केवल आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दे रहे हैं।

दूसरी ओर, अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। शहरी क्षेत्रों में बार-बार बिजली ट्रिपिंग और घंटों की कटौती से लोग परेशान हैं। ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी गंभीर है, जहाँ कई गाँवों में

■ अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

दिन और रात दोनों समय लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की शिकायतें मिल रही हैं।

बिजली संकट के कारण घरों में



पंखे, कूलर और अन्य उपकरण ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं, जिससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। किसानों को भी सिंचाई कार्यों में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा लो-वोल्टेज की समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग की है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक गर्मी और लू से राहत मिलने की संभावना कम है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है।

# गैस सिलिंडर लीक होने से लगी आग

### खाना बनाते समय हादसा, दो घर जलकर राख, तीन लोग झुलसे

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के परीवां गांव में गैस रिसाव के कारण आग लगने से दो घर जलकर राख हो गए। इस हादसे में आग बुझाने के प्रयास के दौरान तीन लोग झुलस गए, जिन्हें गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी आरती अपने घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान गैस सिलिंडर से रिसाव शुरू हो गया। देखते ही देखते आग ने छप्परनुमा मकान को अपनी चपेट में ले लिया और फिर पड़ोसी पवन के घर तक फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग के दौरान सिलिंडर फट गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। विस्फोट की आवाज सुनकर आसपास के



ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान प्रमोद, रामू और जीतू आग की चपेट में आकर झुलस गए।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक दोनों घरों में रखा घरेलू सामान, नकदी और जेवरात पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। झुलसे हुए लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

### रंजिश: दो दिन बाद सदमे में ताऊ की हार्टअटैक से मौत ■ पुलिस 3 आरोपियों को ढूंढ रही

# रिटायर दरोगा के बेटे को मारी गोली

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर के कल्याणपुर में पुरानी रंजिश ने एक परिवार पर कहर बरपा दिया। कैंसर पीड़ित मां को देखने हैदराबाद से आए युवक को पार्क में बुलाकर दबंगों ने पहले शराब पिलाई, फिर मारपीट कर गोली मार दी। ये घटना मंगलवार की है। भतीजे को गोली मारे जाने के बाद गुरुवार को सदमे में ताऊ को हार्टअटैक आया और उनकी मौत हो गई।

आवास विकास-3 निवासी रविंद्र सिंह पुलिस विभाग से दरोगा पद से रिटायर हैं। परिवार में पत्नी और दो बेटे संदीप सिंह और प्रदीप सिंह हैं। प्रदीप हैदराबाद में निजी कंपनी में काम करता है। प्रदीप मंगलवार को हैदराबाद से मां को देखने घर आया था। प्रदीप के पेट में गोली लगी है, उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।



डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया- घटना की सूचना दो दिन बाद गुरुवार को पुलिस को दी गई। अब मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है। घायल और नामजद आरोपी पिछले 15-16 वर्षों से एक-दूसरे को जानते हैं। तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

परिजनों का आरोप है कि होली के दौरान आरोपियों और प्रदीप के दोस्तों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें उसने गवाही दी थी। तभी से आरोपी उससे रंजिश मान रहे थे और उसी का बदला लिया गया।

परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसके आधार पर दीपांकर उपाध्याय, रोहित सिंह उर्फ बाबू ठाकुर और गोकुल शुक्ला समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पार्क में बुलाकर पहले शराब पिलाई, फिर हमला

परिजनों के अनुसार मंगलवार देर रात गजानन पार्क के पास कुछ युवकों ने फोन कर प्रदीप को बुलाया। आरोप है कि वहां उसे शराब पिलाई गई और फिर किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने पहले प्रदीप के साथ बेल्ट और घूंसों से मारपीट की। इसके बाद जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पहली गोली चूक गई, लेकिन दूसरी गोली उसके पेट में जा लगी। गोली लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गए।

डीसीपी पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी ने बताया कि घायल युवक से पूछताछ में कई नाम सामने आए हैं। पुरानी रंजिश का मामला प्रतीत हो रहा है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### अस्पताल में भर्ती, ताऊ को आया हार्ट अटैक

घायल प्रदीप को उसके दोस्तों ने निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे रीजेंसी रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार, जैसे ही घटना की सूचना मिली, सभी अस्पताल पहुंचे। इसी दौरान ताऊ रामजी सिंह को खून से लथपथ हालत देखकर हार्ट अटैक आ गया और इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

भाई संदीप सिंह ने बताया कि एक ही दिन में दो बड़ी घटनाओं ने पूरे परिवार को तोड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में दबंगों का आतंक है और अब परिवार घर छोड़ने को मजबूर हो गया है।

# भागवत कथा में गोली मारकर मुख्य आयोजक की हत्या

### पूजा करने गए युवक पर बरसाईं गोलियां, पुरानी रंजिश में वारदात की आशंका

तमसा संकेत, एजेंसी

**आगरा।** आगरा में बृहस्पतिवार रात करीब 8 बजे भागवत कथा के मुख्य आयोजक की मंदिर परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना श्रीमद्भागवत कथा में विराम के दौरान मंदिर में पूजा का दीपक रखने गए थे, तभी पहले से घात लगाए हमलावर ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली पेट और सीने में लगीं, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

प्रारंभिक जांच में एक वर्ष पुराने विवाद और पुरानी रंजिश को हत्या की वजह माना जा रहा है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।



जैतपुर थाना क्षेत्र के रूपपुरा गांव में का मामला है। जानकारी के अनुसार प्रदीप मिश्रा अपने घर के सामने आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य आयोजक थे। गांव में बाल विकास के तत्वावधान में कथा का आयोजन चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे थे। बृहस्पतिवार रात कथा में विराम होने के दौरान प्रदीप मिश्रा घर के निकट स्थित मंदिर में पूजा का दीपक रखने और पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे।

मंदिर के आसपास पहले से घात लगाए बैठे हमलावर ने प्रदीप मिश्रा को देखते ही ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां उनके पेट और सीने में लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज सुनते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले जाया गया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए इटावा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

इटावा जिला अस्पताल के ईएमओ के अनुसार- जैतपुर क्षेत्र से परिजन गोली लगने से घायल युवक को लेकर आए थे। जांच के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

सपा ने गोवा मुक्ति दिवस और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, लोहिया की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है सपा

# समाजवादियों की भूमिका गोवा मुक्ति संग्राम में रही ऐतिहासिक

**राजेन्द्र चौधरी बोले- डॉ. राममनोहर लोहिया ने 18 जून 1946 को गोवा में आजादी की अलख जगाई, अखिलेश यादव उसी समाजवादी विचारधारा के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं**

**श्रद्धांजलि**

तमसा संकेत, संवाददाता





लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने गोवा मुक्ति संग्राम में समाजवादी नेताओं के योगदान को याद करते हुए कहा है कि पुर्तगाली शासन के खिलाफ संघर्ष का पहला बिगुल 18 जून 1946 को समाजवादी चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी Ram Manohar Lohia ने फूंका था। सपा ने गोवा मुक्ति दिवस और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाजवादी आंदोलन का गोवा से पुराना और ऐतिहासिक रिश्ता रहा है।

सपा के मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री Rajendra Chaudhary ने बताया कि वर्ष 2023 में पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री Akhilesh Yadav के निर्देश पर उन्होंने 18 से 22 दिसंबर तक पांच दिवसीय गोवा यात्रा की थी। यह यात्रा गोवा स्थित गांधीवादी संस्था पीसफुल सोसायटी के संस्थापक कुमार कलानंद मणि के निमंत्रण पर हुई थी, जिसमें उन्होंने गोवा आंदोलन से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सपा ने अपने बयान में कहा कि वर्ष 1498 में पुर्तगाली नाविक वास्को डि गामा के भारत आगमन के बाद गोवा पर पुर्तगाल का प्रभाव बढ़ा और वर्ष 1510 में पुर्तगाली सेनापति अल्बुकर्क ने गोवा पर कब्जा कर लिया। इसके बाद लगभग 450 वर्षों तक गोवा पुर्तगाली शासन के अधीन रहा।

> पार्टी ने कहा कि अखिलेश यादव डॉ. लोहिया के बताए मार्ग पर चलते हुए अन्याय के प्रतिकार, लोकतंत्र की रक्षा और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### अखिलेश यादव लोहिया के रास्ते पर चल रहे हैं : सपा

सपा के अनुसार, अखिलेश यादव गोवा मुक्ति संग्राम के इतिहास और डॉ. लोहिया के संघर्ष से भलीभांति परिचित हैं। उनका मानना है कि समाजवादियों ने अन्याय के खिलाफ लड़ने और लोकतंत्र की रक्षा का सबक डॉ. लोहिया से सीखा है, जिन्होंने 18 जून 1946 को गोवा में आजादी की अलख जगाई थी।





### अगोड़ा जेल और लोहिया मैदान में किया नमन

राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि गोवा आंदोलन के दौरान डॉ. राममनोहर लोहिया को जिस अगोड़ा सेंट्रल जेल की बैरक में रखा गया था, वहां आज उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित है। उन्होंने बताया कि 18 जून 1946 को दक्षिण गोवा के मडगांव सेंट्रल स्क्वायर से लोहिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उन्होंने कहा कि जेल के हेरिटेज ब्लॉक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सूची में लोहिया का नाम दर्ज है। इसी प्रकार मडगांव के लोहिया मैदान में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। यहीं से डॉ. लोहिया ने बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए गोवा में सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत की थी।

# मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा से पहले बंद होंगे अवैध कट

**डीएम ने ट्रैफिक, अतिक्रमण, ब्लैक स्पॉट पर दिए निर्देश**

तमसा संकेत, एजेंसी



मुजफ्फरनगर । मुजफ्फरनगर में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सड़क सुरक्षा और आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। शुक्रवार शाम 6 बजे जूम ऐप के माध्यम से आयोजित इस बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था, अवैध ई-रिक्शा संचालन, अतिक्रमण, ब्लैक स्पॉट और कांवड़ मार्गों की तैयारियों पर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शहर में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शाओं के कारण लगने वाले जाम और भीड़ पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी और ट्रैफिक पुलिस को ई-रिक्शाओं के लिए रूट निर्धारित करने और अवैध संचालन पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी ई-रिक्शाओं की नियमित फिटनेस जांच और चालकों के लाइसेंस की पड़ताल सुनिश्चित करने को भी कहा गया। आगामी कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए, पुलिस, नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई के अधिकारियों को यात्रा मार्गों पर बने अवैध कट बंद कराने, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने और सड़क किनारे की झाड़ियों को साफ कराने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर विशेष जोर देते हुए, जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में नियमित सड़क सुरक्षा सेमिनार और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए।

**फास्ट न्यूज**

### 'कागज' पर चल रहा था स्कूल, स्वतः रद्द हुई मान्यता

वाराणसी। माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज की ओर से प्रदेश के 465 स्ववित्तपोषित स्कूलों की मान्यता स्वतः समाप्त कर दी गई है। इसमें वाराणसी मंडल के 53 विद्यालय शामिल हैं। वाराणसी के चार विद्यालय हैं जिसमें आरएनएस इंटर कॉलेज नरिया, लालता प्रसाद सिंह आदर्श इंटर कालेज तेंदुई, एसवीएचएस बच्छांव व सीएफआई माडल सेकेंडरी स्कूल दीनदासपुर स्कूल हैं।

### लखनऊ में बहन को मैसेज भेजकर ड्राइवर ने की आत्महत्या

मोहनलालगंज। लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित कल्ली पश्चिम के विकास नगर में शुक्रवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार, 28 वर्षीय शिव कुमार ड्राइवर थे। शुक्रवार दोपहर उसने अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या की। पुलिस ने परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शिव कुमार का अपनी पत्नी गायत्री से करीब एक वर्ष से विवाद चल रहा था।

### प्रयागराज प्रदेश का सबसे गर्म शहर

प्रयागराज। प्रयागराज में गर्मी लगातार अपना रौद्र रूप दिखा रही है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को प्रयागराज प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। शहर का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक रहा। शुक्रवार को सुबह से ही तेज धूप निकली है साथ में गर्म हवाओं का असर तेज है। सुबह से ही तेज और चिलचिलाती धूप निकलने के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया।

# यूपी से शादी करने आ रहे बॉयफ्रेंड की मौत

**अज्ञात वाहन ने कार को मारी टक्कर**

तमसा संकेत, एजेंसी



देवास। मध्य प्रदेश के देवास जिले के टोंकखुर्द में सड़क हादसे में बॉयफ्रेंड की मौत हो गई, जबकि उसकी गर्लफ्रेंड और कार ड्राइवर घायल हो गए। हादसे के बाद प्रेमिका को घंटों तक प्रेमी की मौत की जानकारी नहीं दी गई। वह अस्पताल में रोती-बिलखती रही। बोलती रही- मुझे मेरे मोहित से मिला दो। जानकारी के अनुसार, हादसा शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे टोंकखुर्द में हुआ। अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मारी थी। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी मोहित वाजपेई के रूप में की गई है। कार में उनके साथ मौजूद युवती और चालक भी घायल हुए। हादसे के बाद तीनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद मोहित वाजपेई को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कार चालक इलाज के दौरान अस्पताल से बिना किसी को बताए चला गया। दूसरी ओर घायल युवती लगातार मोहित के बारे में पूछती रही। रोते हुए कहती रही कि एक बार उसे उसके मोहित से मिला दिया जाए। घायल युवती ने बताया- करीब एक साल पहले उसकी और मोहित की पहचान इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। बातचीत बढ़ने के साथ दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और उन्होंने शादी करने का फैसला किया।

मुख्यमंत्री का निर्देश: सांसद-विधायक मिलकर तय करें विकास परियोजनाओं की प्राथमिकता, शीघ्र बने कार्ययोजना

# मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के सर्वाधिक 810 कार्यों को दी मंजूरी

- मुख्यमंत्री योगी ने 4901.65 करोड़ के कार्य प्रस्तावों को दी मंजूरी, मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ संग बेहतर संपर्क के लिए 13 मार्गों का होगा विकास
- देवीपाटन और बस्ती मंडल के विधानसभा क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग की विकास परियोजनाओं के कार्यों की हुई समीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता



**प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 50-50 करोड़ के विकास कार्यों का देखा प्रजेंटेशन**

गोंडा । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महज़ तेरह दिनों बाद फिर गोंडा का दौरा किया। उन्होंने अपने दो घंटे के कार्यक्रम के दौरान 33 विधानसभा क्षेत्रों से जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों का प्रेजेंटेशन भी देखा। इसमें प्रमुख रूप से मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ धाम संग अन्य धार्मिक स्थलों तक कनेक्टिविटी को बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंडल के मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ, स्वामीनाराण मंदिर से बस्ती के मखौड़ा धाम व अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख 13 मार्गों के विकास को मंजूरी दी। कुल 4901.65 करोड़ रुपये की एक हजार से अधिक विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दी।

उन्होंने महाराजा सुहेलदेव सभागार में लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की। साथ ही नई कार्य योजनाओं पर जनप्रतिनिधियों के साथ मंथन किया। इस दौरान देवीपाटन मंडल के गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती की सड़क व संपर्क मार्ग परियोजनाओं की प्रगति परखी। इसके साथ बस्ती मंडल के बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गो से जोड़ने, जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण, संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण और पुल सेतु से जुड़े निर्माण कार्यों पर मंथन हुआ।

मुख्यमंत्री को देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क, पुल, सेतु और अन्य आधारभूत विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

### प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की विकास परियोजनाओं पर हुआ मंथन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की करीब 50-50 करोड़ की विकास परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विकास परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी और सुगम यातायात के लिए सड़क मार्गों के दुरुस्तीकरण पर केंद्रित प्रस्तावों को प्राथमिकता के साथ देखा। इसमें आधारभूत संरचना के कार्य भी शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने पिछड़े क्षेत्रों व आकांक्षात्मक ब्लॉक क्षेत्रों में जारी विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की।

भाई को पुलिस उठा लाई थी, छोड़ने की जिद पर अड़ा था, पेट्रोल भी लाया था

# युवक ने थाने में खुद को लगाई आग

तमसा संकेत, एजेंसी



संभल। संभल में गुरुवार शाम 6 बजे एक युवक ने धनारी थाने में अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। युवक की पहचान मोरध्वज के रूप में हुई। आग लगते ही पुलिसकर्मियों ने कंबल डालकर उसे बचाया और अस्पताल पहुंचाया। वह चेहरे से पैरों तक करीब 25 से 30 प्रतिशत तक झुलस गया है।

पुलिस ने एक विवाद में दो लोगों को हिरासत में लिया था। इसमें मोरध्वज का एक भाई था। वह उसे छोड़ने की मांग कर रहा था। बहस के बाद उसने यह कदम उठा लिया। घटना का वीडियो सामने आया है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया-युवक को आशंका थी कि उसके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो जाएगा। इसी वजह से उसने खुद को आग लगा ली।

घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाता दिखाई दे रहा है। आग लगते ही थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल कंबल और गमछे डालकर आग बुझाई।



युवक के आग लगाने के बाद पुलिसकर्मी सकते में आ गए। एसपी ने घायल से अस्पताल में मुलाकात की।

### भाई को पुलिस ने हिरासत में लिया था

बुधवार को गुन्नौर तहसील के बगडेर गांव में बच्चों के मुंडन संस्कार कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया था। झगड़े में एक व्यक्ति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा और गांव के लखपत सिंह और भारत सिंह को हिरासत में ले लिया था।

गुरुवार शाम पुलिस दोनों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में मुकदमा लिख रही थी। इसी दौरान मोरध्वज थाने पहुंचा। उसने भाई को निर्दोष बताते हुए रिहा करने की मांग की। काफी देर तक पुलिस से बहस करने के बाद उसने अचानक अपने साथ लाया पेट्रोल शरीर पर उड़ेल लिया और आग लगा ली।

# री-नीट यूजी 2026 : परीक्षा की तैयारियां पूरी 6 केंद्रों पर होगी परीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा । राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए), नई दिल्ली द्वारा आयोजित री-नीट (यूजी)-2026 परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमरेश कुमार ने की।

बैठक में समस्त मजिस्ट्रेटों, रिजर्व मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों, सहायक नोडल अधिकारियों, केंद्र प्रभारियों एवं जनपदीय नियंत्रण कक्ष के अधिकारियों के साथ परीक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि री-नीट (यूजी)-2026 परीक्षा 21 जून 2026 को जनपद के 6 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5:15 बजे तक निर्धारित है। जिले में कुल 3,380 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए 6 मजिस्ट्रेटों/डिप्टी कलेक्टरों की तैनाती की गई है।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं प्रवेश प्रक्रिया को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेटों को सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा से पूर्व सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने केंद्रों का निरीक्षण करें तथा परीक्षा अवधि के दौरान लगातार पर्यवेक्षण बनाए रखें। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी और पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार की भीड़ एकत्र न होने दी जाए। परीक्षा प्रारंभ और समाप्ति के समय विशेष सतर्कता बरती जाए।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### कांग्रेस ने राहुल गांधी...

अन्याय, असमानता और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ आपकी लगातार लड़ाई ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है।

आप लोगों को यह विश्वास दिलाते हैं कि राजनीति सिर्फ सत्ता पाने की बेरहम दौड़ नहीं है, बल्कि यह बदलाव लाने का एक सशक्त जरिया है। यह उसूलों पर चलने वाली और करुणा से प्रेरित हो सकती है।ईमानदारी, सहानुभूति और उम्मीद की तलाश कर रही पूरी पीढ़ी के लिए, आप 'जेन ज़ी' (Gen Z) की आवाज बन गए हैं।

एक ऐसे नेता जो उनकी बात सुनते हैं, समझते हैं, उन्हें सशक्त बनाते हैं और उनकी आकांक्षाओं के लिए आवाज उठाते हैंय़ एक अधिक दयालु, निष्पक्ष भारत और हर दिल में 'मोहब्बत की दुकान' के लिए, आपके लिए हमेशा शक्ति और खुशियों की कामना करता हूं।"

### हवाई अड्डे पर गिरी...

इधर, अलीपुर मौसम विभाग ने कोलकाता सहित पूरे दक्षिण बंगाल में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है. कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के 10 जिलों में 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है. मौसम विभाग का अनुमान है कि इस वीकेंड में शनिवार और रविवार को बारिश और ज्यादा तेज होगी, जो आगामी मंगलवार तक लगातार जारी रह सकती है.

लगातार हो रही रुक-रुक कर बारिश के कारण कोलकाता के कई निचले इलाकों में पानी भरना शुरू हो गया है. सड़कों पर जलजमाव के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा है. स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए कोलकाता नगर निगम पूरी तरह मुस्तैद हो गया है. जलजमाव की स्थिति पर नजर रखने के लिए निगम मुख्यालय में एक विशेष कॉन्फ्रेंस और कंट्रोल रूम खोला गया है. शहर के सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों को हाई अलर्ट पर रखा गया है. अधिकारी सीसीटीवी और ग्राउंड इनपुट के जरिए हर इलाके की पल-पल की मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि जलभराव की समस्या का तुरंत निपटारा किया जा सके.

### टेलीग्राम : फर्जी पेपर...

वहीं, NEET री-एग्जाम को ध्यान में रखते हुए वेस्टर्न रेलवे ने परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये स्पेशल ट्रेनें गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्य रूटों पर चलेंगी, जिनमें स्लीपर और जनरल कोच होंगे।

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को टेलीग्राम की याचिका पर कहा, ' सरकार के पास आईटी एक्ट की धारा 69A के तहत बैन लगाने का अधिकार है।' जस्टिस तेजस कारिया ने कहा, 'इस मामले पर कोर्ट की रिव्यू कमेटी ने भी सरकार के फैसले की जांच की थी। सरकार ने पूरी समझदारी से काम लिया है, इसमें किसी तरह की जल्दबाजी या लापरवाही नहीं दिखती।' गुरुवार को मामले की सुनवाई पूरी हुई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

कोर्ट में गुरुवार को सरकार ने दलील दी थी कि री-एग्जाम से पहले टेलीग्राम के दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस पर कोर्ट ने पूछा था कि कुछ परीक्षार्थियों की वजह से 15 करोड़ टेलीग्राम यूजर्स के अधिकारों पर रोक कैसे लगाई जा सकती है।

### मोदी ने 15 लाख य...

गौरतलब है कि PM-VBRY के तहत सरकार ने कुल 99,446 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इसके तहत 2 साल में 3.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य रखा है।

मैं कुछ ही घंटे पहले फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा से आया हूं और G7 में विकसित देशों के दिग्गज नेताओं से मिला हूं दुनिया आज भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रही है। भारत के टैलेंट, स्किल और सशक्त की चर्चा सब दूर तक हो रही है।

हमारी कोशिश है कि भारत का युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके और इसी सोच के साथ पीएम विकसित भारत रोजगार योजना शुरू हुई है। यह बहुत आगे बढ़कर पहली नौकरी पाने वाले युवा के सपनों को शक्ति देनी वाली योजना है।

करीब 2 मिलियन युवाओं ने अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे कर लिए हैं, और आज, इनमें से करीब 1 मिलियन युवाओं को अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे करने के बाद इस स्कीम के बेनिफिशियरी के तौर पर इंसेंटिव मिला है।

एक समय था जब देश में केवल 500 के करीब स्टार्टअप थे। आज, 2 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड स्टार्टअप हैं, और वे देश के हर जिले में मिल जाएंगे। ये आंकड़े भरोसा दिलाते हैं कि आने वाले वर्षों में भारत के युवा दुनिया की ग्रोथ, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप का नेतृत्व करेंगे।

दुनिया भविष्य की तकनीक की ओर बढ़ रही है, और भारत अपने युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने का काम कर रहा है। यह भारत के युवाओं के लिए सबसे बड़ा अवसर है, और हमें इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए।

### नीट छात्रो के लिए ₹1...

उन्होंने लिखा कि देश का माहौल युवाओं के जीवन और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों और अभिभावकों में निराशा और बढ़ सकती है।

उधर, CJP आज यानी 20 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर फिर से प्रदर्शन करेगी। इससे पहले नागपुर, जयपुर, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अमृतसर में प्रदर्शन कर चुकी है।

देश में पिछले 36 दिनों में NEET एग्जाम से जुड़े 12 छात्र-छात्राएं सुसाइड कर चुके। इंदौर में NEET की तैयारी कर रही छात्रा गुरुवार देर रात तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरी। गंभीर हालत में उसे पहले निजी अस्पताल और फिर एमवाय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। छात्रा के गिरने का वीडियो भी सामने आया है।

### अपराधी कोई हो, नहीं ...

रामभक्तों से अपील है कि प्रभु श्रीराम ने मर्यादा का पाठ पढ़ाया है। 500 वर्षों तक राम मंदिर के लिए संघर्ष किया। 15 दिन और देख लो, इंतजार कर लो। अयोध्या को बदनाम करने वालों के बहकावे में न आएं। धाम को बदनाम न करें। अपराधी कोई भी होगा, वह बचेगा नहीं, यह तय है। सीएम योगी ने कहा कि आज की अयोध्या चारों ओर फोरलेन से जुड़ चुकी है। 2017 में जब हमें सरकार बनाने का मौका मिला। तो अयोध्या का विकास एक बड़ी चुनौती थी।

लेकिन आज अयोध्या का दीपोत्सव दुनिया देखती है। योगी ₹290 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास तथा रामायण वैक्स म्यूजियम एवं जोनल कार्यालय भवन के लोकार्पण हेतु आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे हैं।

सीएम योगी भगवान ऋषभदेव दिगंबर जैन तीर्थ में भगवान मुनिसुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अयोध्या का राजा पूरी दुनिया का राजा होता था। पूरी धरती का राजा होता था। भगवान ऋषभदेव धरती के पहले राजा हैं और उन्हीं के पुत्र भगवान जड़भरत जिनके नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा है।

### सपा प्रमुख और पूर्व...

इन लोगों की निशानदेही पर अब तक 2 करोड़ रुपए की रिकवरी हुई है। ये सभी दान राशि की गिनती की ड्यूटी से जुड़े हैं। मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर से 13 जून को सोना मिला। हालांकि, सोना कितना है, यह अभी कन्फर्म नहीं है।

### यूपी में भीषण गर्मी...

मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में मौसमी गतिविधियां फिलहाल छिटपुट स्तर तक सीमित हैं। कहीं-कहीं आंधी-तूफान और हल्की बूंदाबांदी के आसार जरूर हैं, लेकिन इससे तापमान में कोई खास राहत मिलने के आसार नहीं हैं। अगले पांच दिनों में पारा लगातार बढ़ता रहेगा। इस दौरान लू की स्थिति और गंभीर रहने की संभावना है।

### गंभीर की कोचिंग पर सवाल उठाए, कहा- उनका तरीका गलत

# इंडिया को कोच नहीं धोनी जैसा मेंटर चाहिए : श्रीसंत

**बयान**

नई दिल्ली, एजेंसी



पूर्व भारतीय पेसर एस श्रीसंत ने टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि इंडिया को ट्रेडिशनल कोच नहीं, बल्कि एमएस धोनी जैसे मेंटर की जरूरत है। 43 साल के श्रीसंत ने कहा- 'कोच बदल दीजिए। भारत को कोच नहीं, मेंटर की जरूरत है।' उन्होंने लल्लनटॉप से कहा- 'खिलाड़ियों पर ज्यादा दबाव बनाने के बजाय मार्गदर्शन और भरोसा देने वाला नेतृत्व टीम के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है।' श्रीसंत ने भारतीय टेस्ट टीम के हालिया प्रदर्शन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली सीरीज हार पर गंभीर की कोचिंग शैली पर आपत्ति जताई। भारतीय टीम पिछले साल अपने घर में साउथ अफ्रीका से 2-0 से हार गई थी। तब भी गंभीर की कोचिंग पर सवाल उठे थे। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने भारत की ओर से 2 वर्ल्ड कप जीते हैं। वे 2011 में वनडे और 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 27 टेस्ट मैचों में 87 विकेट झटके हैं। उन्होंने 53 वनडे और टी-20 इंटरनेशनल मैच भी खेले हैं। IPL के 44 मैच में श्रीसंत के नाम 40 विकेट हैं।

मई 2013 में IPL के दौरान श्रीसंत पर स्पॉट फिक्सिंग के आरोप लगे थे। उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद BCCI ने उन्हें लाइफ टाइम के लिए बैन कर दिया गया था। हालांकि, इन आरोपों के खिलाफ श्रीसंत ने लंबी लड़ाई और साल 2015 में विशेष अदालत ने उन्हें आरोपों से बरी कर दिया था। साल 2018 में केरल हाईकोर्ट ने उन पर लगे अजीवन प्रतिबंध को खत्म किया। लेकिन, 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने BCCI को उसकी सजा कम करने को कहा। बाद में बोर्ड ने उन पर लगे आजीवन प्रतिबंध को 7 साल तक कम कर दिया था, जो सितंबर 2020 में खत्म हो गया।

#### टीम के साथ बड़े भाई जैसा रिश्ता चाहिएः श्रीसंत

श्रीसंत ने कहा कि टीम के साथ बड़े भाई जैसा रिश्ता होना चाहिए। केवल जीत पर खुश होना और हार पर नाराज होना काफी नहीं है। खिलाड़ियों को सहयोग और विश्वास की जरूरत होती है। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय टीम की कई सफलताओं के पीछे उनकी सोच और नेतृत्व शैली रही है।



#### श्रीसंत बोले- वर्ल्ड कप की जीत में सिर्फ कोच का योगदान नहीं

श्रीसंत ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप जीत का पूरा श्रेय गौतम गंभीर को दिए जाने पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि खिलाड़ियों और कप्तान के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा, 'जब टीम ने वर्ल्ड कप जीता तो पूरा श्रेय गंभीर को दिया गया। लेकिन, सैमसन नहीं होते, सूर्यकुमार यादव कप्तानी नहीं करते और सही समय पर गेंदबाजी में बदलाव नहीं होते, तो क्या भारत जीत पाता?'

# तिलक वर्मा और मोहम्मद सिराज पर लटकी तलवार!

नई दिल्ली, एजेंसी



तेलंगाना क्रिकेट एसोसिएशन (TCA) ने एक्टर विजय देवरकोंडा और वेंकटेश दग्गुबाती के साथ-साथ क्रिकेटर मोहम्मद सिराज, अंबाती रायडू और तिलक वर्मा को कानूनी नोटिस भेजे हैं। यह नोटिस प्रस्तावित TG20 लीग से उनके कथित जुड़े होने को लेकर भेजा गया है। एसोसिएशन का आरोप है कि यह टूर्नामेंट BCCI की मंजूरी के बिना आयोजित किया जा रहा है।

TCA के जनरल सेक्रेटरी गुरावा रेड्डी ने ANI से बातचीत में कहा कि एसोसिएशन ने उन मशहूर हस्तियों के इस लीग को प्रमोट करने पर आपत्ति जताई है, जिसे उन्होंने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (HCA) द्वारा आयोजित ₹गैर-कानूनी₹ और ₹बिना मंजूरी वाली₹ लीग बताया है।

रेड्डी ने कहा, आज तेलंगाना क्रिकेट एसोसिएशन ने विजय देवरकोंडा, वेंकटेश दग्गुबाती, इंटर-नेशनल क्रिकेटर सिराज, तिलक वर्मा और पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू को कानूनी नोटिस भेजा है। इसमें उनसे हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन की प्रस्तावित विवादित और गैर-कानूनी TG20 लीग से उनके जुड़ाव के बारे में सवाल किया गया है। नोटिस के अनुसार, TCA का आरोप है कि हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (HCA) BCCI की मंजूरी के बिना कॉर्पोरेट कंपनियों के साथ कारोबार कर रहा है और ऐसी मंजूरी के बिना प्रस्तावित TG20 लीग को प्रमोट करना एक अपराध है। एसोसिएशन ने लीग के रेगुलेटरी स्टेटस और सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट के संभावित असर को लेकर चिंता जताई है।

# मैच से एक दिन पहले हर्षित राणा भारतीय टीम में

### अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी वनडे मैच खेल सकते हैं





मुंबई, एजेंसी

तेज गेंदबाज हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया है। BCCI ने शुक्रवार को बताया कि राणा ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिटेशन पूरा कर लिया है। वे चेन्नई में भारतीय टीम से जुड़ गए हैं।

चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 20 जून को सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे मैच खेला जाएगा। हर्षित यह मैच खेल सकते हैं। फिलहाल, भारतीय टीम 3 मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है। टीम ने पहले मैच में 7 विकेट से और दूसरे में 170 रन से जीत हासिल की थी। राणा पिछले कुछ समय से BCCI के डॉक्टरों और फिजियोथेरेपिस्ट की निगरानी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस पर काम कर रहे थे। उन्हें फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद टीम में शामिल किया। हर्षित के टीम से जुड़ने से भारत के पेस अटैक को मजबूती मिलेगी। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज इस सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। अब तक तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा के पास है। अब कप्तान शुभमन गिल के पास चेन्नई की परिस्थितियों के अनुसार तीन पेसर्स का विकल्प होगा।

हर्षित राणा टी-20 वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में चोटिल हो गए थे। चोट गंभीर होने के कारण उनकी सर्जरी करानी पड़ी। इसी वजह से वह टी-20 वर्ल्ड कप और IPL नहीं खेल सके।



### इस धाकड़ ऑलराउंडर की डाइट और बैटिंग के हैं चर्चे, श्रीलंका में ट्राई सीरीज खेल रहे वैभव

# वैभव सूर्यवंशी के बाद अब भाई आशीर्वाद मचाएगा गदर

नई दिल्ली। समस्तीपुर (बिहार) के ताजपुर में मोतीपुर गांव के सूर्यवंशी परिवार में पहले से ही वैभव सूर्यवंशी के रूप में क्रिकेट का एक उभरता हुआ सितारा मौजूद है। अब वैभव के 10 साल के भाई आशीर्वाद सूर्यवंशी भी सुर्खियों में आ गए हैं। क्रिकेट एकेडमी ताजपुर के लिए अपने पहले ही मैच में आशीर्वाद ने 87 गेंदों पर 103 रन बनाए।



छह महीने पहले ही क्रिकेट खेलना शुरू करने वाले आशीर्वाद ने अपनी पारी में 20 चौके और एक छक्का लगाया। यह पारी भले ही लोकल क्रिकेट मैच की थी, लेकिन वैभव ने जब सोशल मीडिया पर अपने छोटे भाई के स्कोरकार्ड का स्क्रीनशॉट शेयर किया, तो यह खबर आग की तरह फैल गई। आशीर्वाद का क्रिकेट का सफर ठीक उसी जगह से शुरू हुआ है जहां वैभव के सपनों ने पहली बार आकार लिया था। परिवार के घर के ठीक पीछे प्रैक्टिस के लिए दो पिच हैं, एक सीमेंट वाली और दूसरी मिट्टी वाली। बचपन में वैभव ने इन्हीं पिचों पर घंटों अपनी स्किल्स को बेहतर बनाने में बिताए थे। आज आशीर्वाद भी उसी रास्ते पर चलते हुए उसी मैदान पर ट्रेनिंग करता है।

**कोच ने कहा कि वैभव को बैट स्विंग गिफ्ट में मिली है। आशीर्वाद ने अपना रास्ता खुद चुना। हमने एक बार उनसे पूछा था कि वह क्या बनना चाहते हैं और उन्होंने कहा था कि एक ऑलराउंडर। वह हार्दिक पांड्या जैसा दिखता है।**

#### बड़े भाई की राह पर आशीर्वाद

आशीर्वाद के कोच और ताजपुर क्रिकेट अकादमी चलाने वाले चंद्र दीप ने TOI को बताया, आशीर्वाद ने अभी छह महीने पहले ही क्रिकेट खेलना शुरू किया है। बल्ले को संभालना और पकड़ना जल्दी सीख गया। कोच का मानना है कि छोटा सूर्यवंशी भी अपने बड़े भाई की तरह ही राह पर चलने के संकेत दे रहा है।

#### कड़ी मेहनत से गुजर रहा

कोच चंद्र दीप के अनुसार, अलग-अलग तरह की पिचें बिल्कुल अलग-अलग चुनौतियां देती हैं और इन्होंने वैभव के खेल को निखारने में अहम भूमिका निभाई है। अब छोटा भाई भी उसी कड़ी मेहनत से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, सीमेंट वाली पिच पर गेंद की रफ्तार ज्यादा होती है। मिट्टी वाली पिच पर गेंद स्विंग, टर्न और स्पिन होती है, लेकिन वह रुकती भी बहुत है, जिससे बैटिंग करना काफी मुश्किल हो जाता है। वैभव ने बहुत कम उम्र से ही इन पिचों पर प्रैक्टिस की थी और अब आशीर्वाद भी ऐसा ही कर रहा है।

## मनोरंजन

# कॉम्प्रोमाइज के लिए ऑफर हुए थे 1 लाख

### पीके एक्ट्रेस मानवी बोलीं- ये नॉन-नेपोकिड के साथ होता रहता है, इन एक्ट्रेसेस ने भी झेला कास्टिंग काउच

नई दिल्ली, एजेंसी



पीके, किल दिल और शुभ मंगल ज्यादा सावधान जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस मानवी गागरू ने कास्टिंग काउच पर बड़ा खुलाया किया है। उन्होंने कहा है कि करियर की शुरुआत में उन्हें कॉम्प्रोमाइज करने के लिए 1 लाख रुपए का ऑफर मिला था।

हाल ही में टू गर्ल्स विद टू कप्स के पॉडकास्ट में मानवी गागरू ने बताया है कि उन्हें करियर की शुरुआत में एक कॉर्डिनेटर की तरफ से मैसेज आया, जिसमें लिखा था, 'बजट 1 लाख और साथ में कॉम्प्रोमाइज।'एक्ट्रेस को लगा कि शायद बजट में कॉम्प्रोमाइज की बात हो रही होगी। आगे उन्होंने बताया, मैं उस समय इंडस्ट्री में नई थी। मैंने जवाब में लिखा कॉम्प्रोमाइज क्या। लेकिन फिर मैंने सवाल किया कि क्या वो इतनी बड़ी बात इतने आराम से लिख सकता है। इस इंसिडेंट के बाद एक्ट्रेस एक कास्टिंग डायरेक्टर के पास गईं, जिनके साथ वो काम कर रही थीं।

# फरहाना भट्ट का कास्टिंग काउच से सामना

### फार्महाउस पर रहने की शर्त थी, बिग बॉस में कपड़े न देने वाले डिजाइनर 2 लाख लेकर पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी

बचपन में रिश्तेदार ताने देते थे कि यह परिवार की इज्जत खराब कर देगी। पिकनिक पर ले जाने से पहले सिर पर दुपट्टा रखने की शर्त रखी जाती थी और उन्हें तिरस्कार झेलना पड़ता था। लेकिन फरहाना भट्ट ने हार मानने के बजाय खुद को साबित किया। आठवीं कक्षा से उन्होंने अपनी पढ़ाई का खर्च खुद उठाना शुरू कर दिया।

मॉडलिंग की, पत्रकारिता में हाथ आजमाया और फिर एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। करियर की शुरुआत में मुंबई में एक कथित कास्टिंग स्कैम का सामना किया, जहां कॉन्ट्रैक्ट में कलाकारों को डायरेक्टर के फार्महाउस पर रहने जैसी संदिग्ध शर्तें थीं। बिग बॉस में जाने से पहले जिन डिजाइनरों ने कपड़े देने से इनकार किया था, शो के बाद वही लोग लाखों रुपए के ऑफर लेकर पहुंचे।





**"फरहाना भट्ट का जन्म 15 मार्च 1997 को कश्मीर में हुआ था। जब वह महज चार महीने की थीं, तभी उनके पिता उन्हें और उनकी मां को छोड़कर चले गए। इसके बाद उनकी परवरिश मां और नाना ने की। टेलीइंडिया से बातचीत में फरहाना ने बताया कि बचपन से ही उन्होंने संघर्ष देखा। आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बीच उनकी मां ने अकेले उन्हें बड़ा किया। इसी वजह से कम उम्र में उन्होंने जिम्मेदारियां समझीं और आगे चलकर अपनी पढ़ाई व जरूरतों का खर्च खुद उठाने लगीं।**

#### आठवीं क्लास से खुद उठा रही थीं पढ़ाई का खर्च

एक्ट्रेस फरहाना भट्ट ने बताया कि उन्होंने आठवीं कक्षा से अपनी पढ़ाई का खर्च खुद उठाना शुरू कर दिया था। इसी वजह से उन्होंने कश्मीर की पहली ई-कॉमर्स कंपनी के लिए मॉडलिंग शुरू की। उस समय उन्हें करीब 1500 रुपए प्रतिदिन मिलते थे। उनकी मां को इसकी जानकारी थी, लेकिन परिवार के बाकी लोगों को नहीं। फरहाना का कहना है कि जिम्मेदारियां संभालने के बाद उन्होंने कभी किसी से पैसे नहीं मांगे।

#### टीवी पर विज्ञापन आते ही घर में मच गया बवाल

फरहाना ने बताया कि शुरुआत में वह चोरी-छिपे मॉडलिंग और विज्ञापनों में काम करती थीं। परिवार को इसकी जानकारी तब हुई जब उनका एक विज्ञापन टीवी पर प्रसारित हुआ। इसके बाद घर में हंगामा मच गया। रिश्तेदारों ने सवाल उठाया कि घर की लड़की टीवी पर कैसे दिखाई दे सकती है। कुछ लोगों का कहना था कि इससे परिवार की बदनामी होगी और दूसरी लड़कियों की शादी पर असर पड़ेगा।



### मां को याद कर हुआ ब्रेकडाउन, रोकनी पड़ी शूटिंग, प्रोड्यूसर असित मोदी ने दिया सहारा

# तारक मेहता शो के बाघा सेट पर फूट-फूटकर रोए

नई दिल्ली, एजेंसी



टेलीविजन के पॉपुलर टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बाघा का किरदार निभाने वाले तन्मय वेकारिया का बीच शूटिंग ब्रेकडाउन हो गया। वो सेट र फूट-फूटकर रोए, जिसके बाद शो की शूटिंग कुछ देर के लिए रोकनी पड़ी। दरअसल तन्मय वेकारिया सेट पर ऑनस्क्रीन गर्लफ्रेंड बनीं बावरी के साथ एक लव स्टोरी से जुड़ा सीन कर रहे थे। डायरेक्टर ने जैसे ही एक्शन बोला, तन्मय सीन करने की बजाए फूट-फूटकर रो पड़ा। ऐसे में वहां मौजूद लोगों ने शूटिंग रुकवा दी। अब टीवी शो के सेट से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें शो के प्रोड्यूसर तन्मय का हाथ थामे उन्हें सहारा दे रहे हैं। बता दें कि कुछ समय पहले अक्टूबर 2025 में ही तन्मय वेकारिया की मां का निधन हुआ है। वो बेटे को बावा के रोल में काफी पसंद करती थीं। 2020 में अंजलि भाभी का किरदार निभाने वालीं नेहा मेहता ने शो छोड़ दिया था। उनका कहना था कि सेट पर कई जगह अनुशासन और प्रोफेशनल माहौल की कमी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शो छोड़ने के बाद भी उन्हें उनका बकाया भुगतान नहीं मिला। इसके जवाब में प्रोडक्शन हाउस ने कहा कि नेहा ने जरूरी एग्जिट फॉर्मेलिटीज पूरी नहीं कीं, इसलिए फाइनल पेमेंट नहीं हो सका। 2022 में शैलेश लोढ़ा ने भी शो छोड़ दिया। बाद में उन्होंने निर्माताओं पर पूरा भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की।




#### दयाबेन ने छोड़ा शो, आज भी बिना लीड एक्ट्रेस के जारी शो

शो में दिशा वकानी जेठालाल की पत्नी दयाबेन के रोल में थीं। 2017 में उन्होंने शो से मेटरनिटी लीव ली थी, लेकिन मां बनने के बाद भी वो शो में नहीं लौटीं। तब से ही लगातार शो में नई दयाबेन की कास्टिंग की खबरें आती रहती हैं। ये इकलौता शो है जो पिछले 9 सालों से बिना लीड एक्ट्रेस के चल रहा है।

### प्रेग्नेंट विठाबाई के किरदार में श्रद्धा कपूर की परफॉर्मेंस कर देगी रोंगटे खड़े



नई दिल्ली। लक्ष्मण उतेकर महाराष्ट्र के समृद्ध इतिहास का एक और अध्याय लेकर सिनेमाघरों में लौट रहे हैं। छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित 'छावा' के बाद, निर्देशक अब 'ईथा' में विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की कहानी पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में हैं और उनके साथ रणदीप हुड्डा भी नजर आएंगे। इस बायोपिक का पहला टीजर आज सिनेमाघरों में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ खास तौर पर दिखाया गया। जैसे ही पहला शो शुरू हुआ, दर्शकों को लावणी डांसर के रूप में श्रद्धा की एक हैरान करने वाली और प्रभावशाली झलक देखने को मिली। 'ईथा' का टीजर विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी के एक अहम हिस्से पर फोकस करता है। श्रद्धा पहले ही फ्रेम से उस किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं। टीजर में उन्हें गर्भवती दिखाया गया है। प्रेग्नेंसी के बावजूद, वह स्टेज पर परफॉर्म करती रहती हैं। हालांकि, एक शो के दौरान उन्हें एहसास होता है कि बच्चे के जन्म का समय आ गया है। परफॉर्मेंस बीच में न छोड़ते हुए, वह शांत रहती हैं और बच्चे को जन्म देने के लिए बैकस्टेज जाती हैं।

## 2 साल तक देश छोड़ने पर भी बैन, बिना हिजाब के 2024 में गाना गाया था


# स्लीवलेस ड्रेस पहनी, ईरानी सिंगर को 74 कोड़ों की सजा

**आरोप**

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान की मशहूर सिंगर परस्तू अहमदी और उनके साथ काम करने वाले 8 लोगों को ऑनलाइन कॉन्सर्ट के लिए 74-74 कोड़े मारने की सजा सुनाई गई है। उन पर 2 साल तक देश छोड़ने और 2 साल तक किसी भी आर्टिस्टिक एक्टिविटीज पर रोक लगाई गई है।

यह सजा ईरान के कोम प्रांत की अदालत ने यूट्यूब पर पब्लिश किए गए एक कॉन्सर्ट के मामले में सुनाई है। अदालत ने आर्टिस्ट पर अश्लील कंटेट पब्लिश करने और सार्वजनिक शालीनता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।



यूट्यूब पर अपलोड होने के बाद परस्तू के गाने को 24 घंटे में 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले थे।

यह मामला दिसंबर 2024 का है। उस समय 29 साल की परस्तू अहमदी ने बिना हिजाब पहने यूट्यूब पर एक लाइव कॉन्सर्ट किया था। इस दौरान उन्होंने ईरान का लोकप्रिय देशभक्ति गीत 'अज खूने जवानाने वतन' (मातृभूमि के युवाओं के खून से) गाया था। इस दौरान वह बिना हिजाब और स्लीवलेस ड्रेस में थीं।

कॉन्सर्ट का वीडियो कुछ ही समय में वायरल हो गया। यूट्यूब पर इसे लाखों लोगों ने देखा। वीडियो जारी होने के बाद ईरानी अधिकारियों ने परस्तू अहमदी और कई संगीतकारों को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया था। बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया, लेकिन वीडियो प्रकाशित करने के मामले में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रही। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स इन ईरान की एडवोकेसी डायरेक्टर बहार घंदेहरी ने इस सजा की कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि सिर्फ गाना गाने और बिना हिजाब सार्वजनिक रूप से नजर आने पर 74 कोड़ों की सजा देना दिखाता है कि ईरान में मानवाधिकारों की स्थिति अब भी नहीं बदली है।

### पब्लिक में अकेले गाना नहीं गा सकती ईरानी महिलाएं


ईरान में महिलाओं पर कई सामाजिक प्रतिबंध हैं। कानून के अनुसार वे सार्वजनिक जगह पर अकेले गाना नहीं गा सकतीं और बिना हिजाब लोगों के सामने नहीं आ सकतीं। गायिका परस्तू अहमदी ने बिना हिजाब और स्लीवलेस ड्रेस में परफॉर्म कर इन नियमों का खुलकर विरोध किया।

### गाने में 4 पुरुषों के साथ स्लीवेस ड्रेस में दिखीं

परस्तू अहमदी ने 27 मिनट का एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह बिना हिजाब और स्लीव ड्रेस पहनकर चार पुरुष संगीतकारों के साथ गाना गाती नजर आ रही थीं। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने इसे काल्पनिक कॉन्सर्ट बताया था।

परस्तू के इस प्रोग्राम का वीडियो यूट्यूब पर लाखों बार देखा गया। कई लोगों ने इसे महिलाओं की अभिव्यक्ति की आजादी का प्रतीक बताया, जबकि ईरानी अधिकारियों ने इसे कानून के खिलाफ माना।

ईरान में महिलाओं के लिए सार्वजनिक जगहों पर हिजाब पहनना अनिवार्य है। अधिकारियों ने बिना हिजाब पहनकर गाने को नियमों का उल्लंघन माना।



परस्तू कई तस्वीरों में स्लीवलैस ड्रेस और बिना हिजाब के नजर आ चुकी हैं।

## न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर पर फिर अंधाधुंध फायरिंग

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिका के सबसे मशहूर पर्यटन स्थल 'टाइम्स स्क्वायर' से एक बार फिर गोलीबारी की घटना सामने आ रही है। यहां गुरुवार दोपहर को अचानक हुई गोलीबारी से हड़कंप मच गया, जिसमें एक व्यक्ति के घायल होने की खबर भी सामने आ रही है। गोलियों की आवाज सुनते ही वहां मौजूद पर्यटकों और स्थानीय लोगों में भगदड़ मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर छिपने लगे।

पुलिस के मुताबिक, मुस्तैद जवानों ने तुरंत पीछा करके एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया है। फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि इस घटना में घायल एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है। फिलहाल पुलिस ने इलाके को नियंत्रण में ले लिया है और पकड़े गए संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पुलिस की ओर से और अधिक जानकारी आना अभी बाकी है। बता दें कि यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 3:40 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुई। उस समय टाइम्स स्क्वायर पर भारी भीड़ थी, क्योंकि कुछ ही समय पहले निचले मैनहट्टन में एनबीए चैंपियन बनी 'न्यू यॉर्क निक्स' टीम के स्वागत में एक बड़ी परेड खत्म हुई थी। इस परेड की सुरक्षा के लिए शहर में करीब 10000 पुलिसकर्मी तैनात थे।



- एक व्यक्ति घायल, अस्पताल में भर्ती एक संदिग्ध गिरफ्तार।
- चार दिनों में दूसरी घटना, भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई।

**फास्ट न्यूज**

### कांगो में इबोला से अबतक 232 मौतें

किंशासा । डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (DRC) में इबोला वायरस का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी दी है कि देश में इबोला के पुष्ट मामलों की संख्या अब 896 हो गई है। इस खतरनाक बीमारी ने अब तक 232 लोगों की जान ले ली है। स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को इटुरी और नॉर्थ किवू प्रांतों में इबोला के 21 नए मामले सामने आए, जिनमें छह लोगों की मौत हो गई।

### स्विट्जरलैंड में होने वाली ईरान-यूएस वार्ता टली

बर्न । स्विट्जरलैंड में अमेरिका, ईरान, कतर और पाकिस्तान के बीच प्रस्तावित वार्ता फिलहाल स्थगित कर दी गई है। व्हाइट हाउस ने भी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस की यात्रा टालने की पुष्टि की।

स्विट्जरलैंड के विदेश मामलों के संघीय विभाग ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमेरिका, ईरान, कतर और पाकिस्तान के बीच नियोजित वार्ता स्थगित कर दी गई है। स्विट्जरलैंड के विदेश मामलों के संघीय विभाग ने एक बयान में कहा, 'अमेरिका, ईरान, कतर और पाकिस्तान के बीच होने वाली वार्ता स्थगित कर दी गई है।

### गारमेंट फैक्टरी में पानी पीने से 100+ मजदूर बीमार

पेरिस । बांग्लादेश के गाजीपुर जिले में एक गारमेंट फैक्टरी में काम करने वाले 100 से ज्यादा मजदूर अचानक बीमार पड़ गए। बताया जा रहा है कि फैक्टरी में पीने के लिए सप्लाई किए गए पानी के कारण मजदूरों की तबीयत खराब हुई। एक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।


# सेंसेक्स 607 अंक गिरकर 76,802 पर हुआ बंद

## निफ्टी भी 154 अंक गिरा, आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में आज यानी 19 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 607 अंक गिरकर 76,802 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 154 अंकों की गिरावट रही, ये 24,013 के स्तर पर बंद हुआ।

ग्लोबल IT दिग्गज एक्सेंचर ने अपने रेवेन्यू ग्रोथ का अनुमान घटाकर कमजोर डिमांड की बात कही है। इससे भारतीय IT कंपनियों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई और निफ्टी IT इंडेक्स 4% तक टूट गया। इंफोसिस 6%, टीसीएस 3%, एचसीएल टेक 2.5% और टेक महिंद्रा 2% तक लुढ़क गए। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैक्स ने भी माना है कि भारतीय आईटी सेक्टर के लिए फिलहाल डिमांड का आउटलुक कमजोर है।



भारतीय बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) की ओर से लगातार हो रही बिकवाली ने दबाव को और बढ़ा दिया। बुधवार को मामूली खरीदारी करने के बाद, विदेशी निवेशकों ने गुरुवार को फिर से कैश मार्केट में 1,025 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। FIIs के बाजार से पैसा निकालने के कारण घरेलू निवेशकों का सेंटिमेंट भी कमजोर हुआ।

शेयर बाजार में 18 जून को बढ़त रही। सेंसेक्स 254 अंक की तेजी के साथ 77,410 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 82 अंकों की तेजी रही, ये 24,168 पर बंद हंआ था।

## चिड़ियाघर की मालकिन ने ऐसे बचाई मासूम की जान

# यूके में तीन साल के बच्चे को मगरमच्छों के बाड़े में फेंका

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन के कैंब्रिजशायर स्थित 'जॉन्सन्स ऑफ ओल्ड हर्स्ट' चिड़ियाघर से एक बेहद हैरान और परेशान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक अनजान शख्स ने एक 3 साल के मासूम बच्चे को मगरमच्छों के बाड़े में फेंक दिया। मगरमच्छों के हमले में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है और अस्पताल में अपनी जिंदगी की जंग लड़ रहा है। कैंब्रिजशायर पुलिस की डिटेक्टिव इंस्पेक्टर वेरिटी मैककैन ने बताया कि शुरुआती जांच में ऐसा लगता है कि गिरफ्तार किया गया शख्स और बच्चा एक-दूसरे को नहीं जानते थे। उन्होंने बताया कि यह एक बेहद दर्दनाक घटना है। हमारी टीमें अस्पताल में बच्चे के परिवार की मदद कर रही हैं और घटना के वक्त चिड़ियाघर में मौजूद चश्मदीदों से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय सांसद बेन ओबेसे-जेक्टी ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह या कयास न लगाने की अपील की है और कहा कि पुलिस इसे एक बेहद गंभीर मामला मानकर जांच कर रही है। गौरतलब है कि हादसे के बाद कई घंटों तक पुलिस और इमरजेंसी सेवाएं चिड़ियाघर में मौजूद रहीं। चिड़ियाघर के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित बच्चे और उसके परिवार के साथ हैं।



### चिड़ियाघर की मालकिन ने दिखाई बहादुरी

'द इंडिपेंडेंट' की रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही बच्चे को मगरमच्छों के बाड़े में फेंका गया, चिड़ियाघर के मालिक की पत्नी ट्रेसी जॉनसन ने अपनी जान की परवाह न करते हुए तुरंत बाड़े के अंदर छलांग लगा दी। उन्होंने बेहद बहादुरी से मगरमच्छों के बीच से बच्चे को सही सलामत बाहर निकाला।

**मामले में पुलिस ने बताया कि घायल बच्चे को तुरंत कैंब्रिज के 'एडेनब्रूक्स अस्पताल' ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर लेकिन स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में फुर्ती दिखाते हुए नॉरफॉक के रहने वाले एक 30 वर्षीय व्यक्ति को हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।**

## जंग रुकी तो 2028 में राष्ट्रपति बनने के सबसे बड़े दावेदार, फेल हुई तो करियर तबाह

# ईरान डील पर टिका अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस का भविष्य

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिका और ईरान के बीच बुधवार रात ऐतिहासिक और विवादित पीस डील हुई। इसके बाद से अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इसका सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं। BBC की रिपोर्ट के मुताबिक वेंस लगातार फ्रंट फुट पर आकर इस फैसले का बचाव कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस ब्रीफिंग से लेकर द न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू तक, वेंस इस डील को डिफेंड करने की पूरी कमान संभाले हुए हैं। जब इस समझौते को लेकर इजराइल और अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी के अंदर से ही तीखी आलोचना शुरू हुई, तो वेंस ने बेहद कड़े शब्दों में जवाब दिया। दरअसल, एक दिन पहले ट्रम्प ने कहा था कि अगर यह समझौता विफल हो जाता है तो वह इसका दोष वेंस पर डाल सकते हैं। हाल के महीनों में वह कई बार ऐसा बयान दे चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अगर ईरान के साथ हुआ समझौता कामयाब होता है तो वे 2028 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के सबसे बड़े दावेदार हो सकते हैं। 16 जून को वेंस की किताब 'कम्यूनियन: फाइंडिंग माई वे बैक टु फेथ' रिलीज हुई है। राजनीतिक गलियारों और अमेरिकी मीडिया में इस किताब की टाइमिंग और इसके कंटेंट को सीधे तौर पर साल 2028 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में उनकी संभावित दावेदारी से जोड़कर देखा जा रहा है।



**प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक रिपोर्टर ने उनसे पूछा कि क्या राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन्हें अमेरिका-ईरान समझौते के लिए 'बलि का बकरा' बना दिया है। इस पर वेंस ने कहा कि उन्हें लगता है कि ट्रम्प मजाक कर रहे थे।**



### ईरान के साथ बातचीत का जिम्मा वेंस के कंधे पर

व्हाइट हाउस के मुताबिक, जेडी वेंस राष्ट्रपति ट्रम्प की राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के सबसे भरोसेमंद सदस्य बनकर उभरे हैं। ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर के साथ मिलकर वेंस ने इस डील की बैक-चैनल बातचीत की अगुआई की है। स्विट्जरलैंड में होने वाली आगामी 60 दिनों की औपचारिक तकनीकी वार्ताओं की देखरेख का जिम्मा भी वेंस के कंधों पर है। चूंकि ट्रम्प ने इस पूरी बातचीत की प्रक्रिया में वेंस को प्रमुख भूमिका दी है, इसलिए इस समझौते की सफलता या विफलता का सबसे बड़ा राजनीतिक असर भी उन्हीं पर पड़ सकता है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि यह शांति समझौता सफल रहता है और मिडिल ईस्ट में युद्ध रुक जाता है, तो साल 2028 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जेडी वेंस खुद को एक कुशल डिप्लोमैट और युद्ध खत्म कराने वाले 'ग्लोबल लीडर' के रूप में पेश कर सकेंगे।


# राजस्थान में टेलीग्राम पर नीट का पेपर बेचने वाला गिरफ्तार

## अमेरिकी नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहा था

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टेलीग्राम पर रोक के बाद भी राजस्थान के भीलवाड़ा से NEET का फर्जी पेपर बेचने की कोशिश की गई है। इस मामले में पुलिस एक स्टूडेंट को हिरासत में लिया है। आरोपी टेलीग्राम का इस्तेमाल अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) के जरिए कर रहा था। उसके टेलीग्राम चैनल का नाम पेपर माफिया है। उधर, टेलीग्राम पर NEET री-एग्जाम तक रोक जारी रहेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने टेलीग्राम की केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी। केंद्र ने 16 जून को टेलीग्राम पर 22 जून तक रोक लगाने का आदेश दिया था।

वहीं, NEET री-एग्जाम को ध्यान में रखते हुए वेस्टर्न रेलवे ने परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये स्पेशल ट्रेनें गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्य रूटों पर चलेंगी, जिनमें स्लीपर और जनरल कोच होंगे। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को टेलीग्राम की याचिका पर कहा, ' सरकार के पास आईटी एक्ट की धारा 69A के तहत बैन लगाने का अधिकार है।' जस्टिस तेजस कारिया ने कहा, 'इस मामले पर कोर्ट की रिव्यू कमेटी ने भी सरकार के फैसले की जांच की थी। सरकार ने पूरी समझदारी से काम लिया है, इसमें किसी तरह की जल्दबाजी या लापरवाही नहीं दिखती।' गुरुवार को मामले की सुनवाई पूरी हुई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



**चेतावनी : इजरायल के लेबनान पर ताबड़तोड़ हमले जारी, वेंस का स्विट्जरलैंड दौरा रद**

# यूएस-ईरान शांति वार्ता पर फिर संकट

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका और ईरान के बीच अभी दो दिन पहले ही जिस ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, वह शुरू होने से पहले ही पूरी तरह खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। एक तरफ जहां इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में रातभर भीषण बमबारी की है, जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। वहीं दूसरी तरफ, स्विट्जरलैंड में होने वाली अमेरिका-ईरान की बेहद महत्वपूर्ण शांति वार्ता को टाल दिया गया है।

बता दें कि इस 14-सूत्रीय शुरुआती समझौते को एक स्थायी शांति का रूप देने के लिए शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के बुर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में दोनों देशों के बीच तकनीकी बातचीत होनी थी। लेकिन यह बैठक रद्द हो गई है।

### लेबनान में क्या हुआ और क्यों बढ़ा तनाव?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मौजूदगी में बुधवार को ही वर्साय के महल (फ्रांस) में अमेरिका और ईरान के बीच एक शुरुआती शांति समझौता हुआ था। इसका मकसद पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध को रोकना था। इस समझौते में साफ कहा गया था कि लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकी जाएगी।

### लेबनान पर इजरायल का हमला

लेकिन इस समझौते के तुरंत बाद इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हवाई हमले शुरू कर दिए। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीछे हटने से साफ इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि जब तक हिजबुल्लाह का खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता, इजरायली सेना लेबनान में ही रहेगी।

- इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में बमबारी की।
- अमेरिका-ईरान शांति वार्ता स्विट्जरलैंड में टली।
- अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने इजरायल को सख्त चेतावनी दी।



### जेडी वेंस की इजरायल को दोटूक चेतावनी

समझौते के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इजरायल को बहुत सख्त और दोटूक शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में केवल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही एकमात्र ऐसे राष्ट्राध्यक्ष हैं, जो इजरायल देश के प्रति हमदर्दी रखते हैं। वेंस का यह बयान साफ इशारा करता है कि अमेरिका अब इजरायल के आक्रामक रुख से खुश नहीं है और उस पर युद्ध रोकने का भारी दबाव है।

# चांदी 9,209 गिरकर 2.31 लाख पर आई

## इस महीने अब तक 32 हजार रुपए सस्ती हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने-चांदी के दाम में आज, 19 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी 9,209 रुपए गिरकर 2.31 लाख रुपए पर आ गई। इससे पहले इसकी कीमत 2.40 रुपए प्रति किलो थी।

वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,152 रुपए गिरकर 1.45 लाख रुपए पर आ गया है। एक दिन पहले इसकी कीमत 1.48 रुपए थी। इस महीने 19 दिन में सोना 11 हजार रुपए और चांदी 32 हजार रुपए सस्ती हुई है।

यूएस-ईरान समझौताः अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम समझौता साइन हुआ है। इसकी वजह से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा कम हो गया, जिससे निवेशकों ने सोने-चांदी जैसे 'सुरक्षित निवेश' से अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया। यूएस फेडरल रिजर्व का रुखः फेडरल रिजर्व ने हाल ही में संकेत दिए हैं कि वह इस साल ब्याज दरों में कटौती करने के बजाय उन्हें बढ़ा सकता है। ब्याज दरें बढ़ने की उम्मीद से सोने जैसी बिना ब्याज वाली धातु की चमक कम हो जाती है। मजबूत अमेरिकी डॉलरः फेडरल रिजर्व के संकेतों के बाद वैश्विक बाजार में अमेरिकी डॉलर इंडेक्स मजबूत हुआ है। आमतौर पर जब डॉलर मजबूत होता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतें गिरती हैं।



**तमसा संकेत**
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676